स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
14 मई, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 12
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 262 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

सूर्यवंशी की प्रतिभा से काफी प्रभावित हैं रबाडा



# अखिलेश के भाई प्रतीक का निधन

## सीएम योगी समेत कई बड़े नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि, अंतिम संस्कार आज





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। बॉडी पर चोट के 6 निशान थे, जो पुराने हैं। विसरा सुरक्षित रखा गया है। प्रतीक का शव उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अंतिम संस्कार कल, गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12:30 बजे पिपराघाट पर होगा। प्रतीक की जब मौत हुई, पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव असम में थीं। वो लखनऊ लौट आई हैं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं। सीएम योगी, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत कई बड़े नेता भी पहुंचे। अखिलेश यादव सुबह पोस्टमॉर्टम हाउस और दोपहर बाद प्रतीक यादव के आवास पहुंचे। श्रद्धांजलि देते वक्त अखिलेश काफी भावुक नजर आए। प्रतीक की मौत संदिग्ध अवस्था में हुई। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। हाईकोर्ट के किसी पूर्व जज से जांच करवाई जाए।

### पीएम रिपोर्ट : हृदय गति रुकने से हुई मौत

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव की मौत हो चुकी है। इसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें मौत का असली कारण पता चला है। जो चौंकाने वाला है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रतीक यादव की हृदय गति रुक गई थी। साथ ही उनके फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में खून के थक्के जम गए थे। जिस वजह से उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस वजह से उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद उनके हार्ट और विसरा सुरक्षित रखवा दिया गया है। एसोसिएट निदेशक के मुताबिक मृतक प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह पल्मोनरी एम्बोलिज्म सामने आई है। जांच में पता चला कि शरीर में बना खून का थक्का फेफड़ों की धमनियों में जाकर फंस गया था। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार इस स्थिति को पल्मोनरी एम्बोलिज्म कहा जाता है, जिसमें फेफड़ों तक खून और ऑक्सीजन का प्रवाह अचानक रुक जाता है।

## संसाधन बचत की अपील के बाद प्रधानमंत्री ने उठाया अभूतपूर्व कदम

# मोदी ने अपने काफिले का आकार घटाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। यह कदम उनकी हालिया घरेलू यात्रा के दौरान लागू किया गया।

- अब ई-वाहन शामिल होंगे लेकिन नए नहीं खरीदे जाएंगे



वाहनों की संख्या में कमी की गई है। लेकिन एसपीजी प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा गया है। हैदराबाद में दिए गए उनके भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में भी काफिले का आकार घटा दिया गया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा है कि जहां संभव हो, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया जाए, लेकिन इसके लिए नए वाहन नहीं खरीदे जाएं। खर्च में कटौती का यह अभियान अब भाजपा शासित राज्यों में भी दिखाई दे रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य नेताओं ने भी अपने काफिलों में वाहनों की संख्या घटाने का निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के काफिले का आकार भी 13 से घटकर आठ वाहनों का हो गया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि आने वाले आदेश तक उनके सभी सरकारी और आधिकारिक दौरों में सीमित वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा। काफिले में सुरक्षा की दृष्टि से न्यूनतम वाहन होंगे और भ्रमण के दौरान कोई वाहन रैली नहीं होगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सरकारी खर्च और ईंधन की बचत को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या न्यूनतम रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अनावश्यक वाहनों के उपयोग से बचने को कहा है।

**प्रधानमंत्री ने की थी अपील**

यह कदम प्रधानमंत्री की उस व्यापक अपील का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने अनावश्यक यात्रा कम करने और राष्ट्रीय संसाधनों की बचत पर जोर दिया था। ईरान युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को देश से मिलकर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और महंगाई के दबाव का सामना करने की अपील की थी।

### अमित शाह ने भी घटाया काफिले का आकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने काफिले में शामिल होने वाली गाड़ियों की संख्या को घटाकर अब आधा से भी कम कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के संकट के बीच ईंधन बचाने और संसाधनों का सही इस्तेमाल करने के लिए सात अपील की थीं। इसी सिलसिले में यह फैसला लिया है।

## फ्लोर टेस्ट में थलापति को मिली 'विजय'

**चेन्नई।** तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। बुधवार को हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 144 विधायकों का

- टीवीके को मिला 144 विधायकों का समर्थन
- भाजपा-पीएमके का वॉकआउट

समर्थन मिला। 234 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि पांच सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के दौरान कई विपक्षी और सहयोगी दलों ने खुलकर टीवीके सरकार को समर्थन देने का एलान किया। कांग्रेस ने विधानसभा में विश्वास मत के दौरान विजय सरकार का समर्थन करने की घोषणा की। वहीं सीपीआईएम ने भी सदन में टीवीके सरकार के पक्ष में खड़े होने की बात कही। सीपीआई ने भी सरकार को समर्थन देने की घोषणा की। इसके अलावा वीसीके ने भी फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार को समर्थन देने का एलान किया। हालांकि समर्थन के साथ वीसीके ने सरकार से एक महत्वपूर्ण मांग भी रखी। पार्टी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक की तर्ज पर तमिलनाडु में अंधविश्वास के खिलाफ कानून लाने की अपील की।

# सीबीएसई 12वीं का परीक्षाफल घोषित, लड़कियों ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं का रिजल्ट 2026 आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। लंबे समय से इंतजार कर रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म हो गया है। लिंगवार परिणाम के अनुसार, सभी विषयों में लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 में संस्थानों के प्रदर्शन की बात करें तो सबसे बेहतर परिणाम केवी (केंद्रीय



विद्यालय) का रहा, जहां पास प्रतिशत 98.55 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके बाद जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) 98.47 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 89.55 प्रतिशत रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में यह 86.07 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं, ईएमआरएस स्कूलों का पास प्रतिशत 85.55 प्रतिशत और स्वतंत्र (प्राइवेट) स्कूलों का 84.22 प्रतिशत रहा।

**पिछले साल से 3.19 प्रतिशत की गिरावट**

2026 में पास प्रतिशत घटकर 85.20 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में -3.19 प्रतिशत का अंतर दर्शाता है। इसका मतलब है कि उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने के बावजूद सफलता दर में गिरावट आई है, जिससे प्रतियोगिता अधिक कठिन होती दिखाई दे रही है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। ट्रांसजेंडर छात्रों ने लगातार 100त्न परिणाम के साथ शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कुल मिलाकर, लड़कियों ने लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है।

**कुल 85.20 प्रतिशत बच्चे पास**

सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें इस बार कुल 85 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं सफल रहे हैं। इस बार के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में पास प्रतिशत में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल के बीच एक ही शिफ्ट में सुबह 10.30 बजे से आयोजित की गई थीं।

# ट्रम्प 8 साल बाद चीन दौरे पर पहुंचे

## बेटा और बहू भी साथ, ईरान जंग रुकवाने में चीन की मदद नहीं चाहिए

**वॉशिंगटन डीसी/बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार को 8 साल बाद चीन दौरे पर पहुंचे। उनका विमान बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया, जहां चीनी उपराष्ट्रपति हान जेंग ने उन्हें रिसीव किया। हान जेंग को शी जिनपिंग का भरोसेमंद माना जाता है और वे पिछले साल ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे। ट्रम्प के एयर फोर्स वन से उतरते समय करीब 300 बच्चे नीले और सफेद रंग की यूनिफॉर्म में एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ये अमेरिका और चीन



के झंडे लहरा रहे थे। ट्रम्प के साथ उनके बेटे एरिक ट्रम्प और बहू लारा ट्रम्प भी मौजूद थे। इस दौरान बच्चों ने मंदारिन भाषा में 'वेलकम' के नारे लगाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ट्रम्प के बीच गुरुवार और शुक्रवार को अलग-अलग दौर की बातचीत होगी।

## सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। यह कदम पश्चिम एशिया

- विदेशी मुद्रा बचाने के लिए उठाया बड़ा कदम

संकट के कारण बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने और कीमती धातुओं के गैर-जरूरी आयात को रोकने के लिए उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सोने की खरीद पर संयम बरतने और विदेशी मुद्रा बचाने के लिए अन्य किफायती उपायों की अपील की। इसके बाद वित्त मंत्रालय ने यह अधिसूचना जारी की। इसमें सामाजिक कल्याण अधिभार और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर में बदलाव किया गया है, जो 13 मई से लागू हो गया। इस फैसले के बाद सोने पर कुल आयात शुल्क बढ़कर 15 फीसदी हो गया है। भारत का सोने का आयात 2025-26 में 24 फीसदी से अधिक बढ़कर 71.98 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, मात्रा के हिसाब से इसमें 4.76 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह 721.03 टन रहा। सोने की कीमतें भी बढ़ी हैं और वित्त वर्ष 2025 में 76,617 डॉलर प्रति किलो से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 99,825 डॉलर प्रति किलो हो गई हैं।

## ईरान ने अमेरिका को दी परमाणु हथियारों की धमकी

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका की तरफ से शांति प्रस्ताव पर ईरानी के जवाब को खारिज किए जाने के बाद पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। ईरान ने जहां दोबारा हमला

- शांति प्रस्ताव खारिज होने के बाद बढ़ा तनाव

करने पर हथियार बनाने के स्तर पर यूरेनियम के संवर्धन की चेतावनी दी है, वहीं बताया जाता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के खिलाफ फिर से व्यापक सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। ईरान के संसदीय प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने मंगलवार को अमेरिका को खुले तौर पर परमाणु हथियारों की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनके देश पर दोबारा हमला होता है तो तेहरान 90 प्रतिशत शुद्धता तक यूरेनियम का संवर्धन कर सकता है। इसे हथियार बनाने लायक माना जाता है। संसदीय राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के प्रवक्ता रेजाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, एक और हमले की स्थिति में ईरान के पास उपलब्ध विकल्पों में 90 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन हो सकता है। हम संसद में इसकी समीक्षा करेंगे। उधर, अमेरिकी सूत्रों ने सीएनएन को बताया कि ईरान के साथ समझौता नहीं हो पाने से ट्रंप प्रशासन में निराशा बढ़ने लगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ वाशिंगटन की सैन्य कार्रवाई को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। बाधित वार्ता और परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए तेहरान का रवैया ट्रंप प्रशासन की नाराजगी का प्रमुख कारण है। ट्रंप ईरान द्वारा रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण और इस्लामिक गणराज्य के नेतृत्व में व्याप्त विभाजन की आशंका से भी अधीर हो रहे हैं। ईरान की प्रतिक्रिया ने कई अमेरिकी अधिकारियों को यह सवाल उठाने के लिए बाध्य किया है कि क्या तेहरान गंभीरता से बातचीत में शामिल होने के लिए तैयार है। आगे की कार्रवाई को लेकर ट्रंप प्रशासन के भीतर भी मतभेद उभर आए हैं।

## हार्वर्ड के छात्र बॉक्सिंग रिंग में पसीना बहा रहे

# गिरकर खड़े होना सिखा रही है मुक्केबाजी

**न्यूयॉर्क।** दशकों तक हार्वर्ड के छात्र रातों में जटिल समीकरण हल करने या इतिहास की मोटी किताबों में डूबे रहने के लिए जाने जाते रहे हैं। पर अब वे 'लाइब्रेरी वाली इमेज' छोड़कर पसीने से लथपथ होकर रिंग में मुक्के बरसाते दिखते

- तनाव-चिंता में 40 प्रतिशत कमी
- चोट से आत्मविश्वास बढ़ा

हैं। ये छात्र भविष्य के सीईओ बनने के गुर सीखने के साथ-साथ मुक्केबाजी भी पसंद कर रहे हैं। हार्वर्ड, बैब्सन व ब्रैंडिस जैसे संस्थानों में बॉक्सिंग 'कल्चरल ट्रेंड' बन चुका है। युवा अधिकांश समय स्क्रीन पर बिताते हैं। ऐसे में बॉक्सिंग उन्हें ऐसी वास्तविकता से जोड़ती है जिसे न तो 'म्यूट' किया जा सकता है और न ही 'स्वाइप'। छात्रा मुस्कान संधू कहती हैं,'मुक्के खाना किसी को पसंद नहीं, पर यह जानकर अच्छा लगा कि मैं चोट सह सकती हूं। महसूस होता है कि मैं जिंदगी में कुछ भी कर सकती हूं।' हार्वर्ड बॉक्सिंग का इतिहास काफी पुराना है। थियोडोर रूजवेल्ट व जॉन एफ केनेडी भी यहां बॉक्सिंग कर चुके हैं। कोरोना के बाद क्लब खाली था, पर दानदाता मारियो फ्रेच व कोच जो लेक ने इसमें नई जान फूंक दी है। 68 वर्षीय लेक ने हादसे में अंगुली खो दी, पर मुक्केबाजी का जुनून बरकरार है। वे बताते हैं कि रिंग में हाथ नीचे करना बड़ी गलती है। वे कहते हैं,'किताबों में जो नहीं लिखा, छात्र यहां सीखते हैं।' छात्र जियांग का सामना आक्रामक ब्रेजास से था। शुरुआत में ब्रेजास ने दमदार प्रहार किए। पर जियांग ने हार नहीं मानी। अपने पैंतरों से ब्रेजास को हरा दिया। हार्वर्ड के इस 'मैथ जीनियस' ने साबित कर दिया कि दिमाग व तकनीक के सही तालमेल से रिंग की जंग भी जीत सकते हैं।

### पवन खेड़ा से गुवाहाटी पुलिस ने की पूछताछ

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा बुधवार को असम के गुवाहाटी स्थित क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराए गए मामले में पूछताछ का सामना किया। अधिकारियों के मुताबिक, खेड़ा जांच में सहयोग करने के लिए दिन में क्राइम ब्रांच दफ्तर पहुंचे और अधिकारियों के सवालों के जवाब दिए। क्राइम ब्रांच कार्यालय के बाहर मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में पवन खेड़ा ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और वह कानून का पालन करेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मामले में अग्रिम जमानत देते हुए गिरफ्तारी से अंतरिम राहत प्रदान की थी, लेकिन साथ ही जांच में सहयोग करने का निर्देश भी दिया था।

### एनटीए को बदलने या पुनर्गठन की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि एनटीए को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट-यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे। यह याचिका एनटीए द्वारा 3 मई को आयोजित एनईटी-यूजी 2026 परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द करने और केंद्र द्वारा जांच सीबीआई को सौंपने के कुछ दिनों बाद दायर की गई है।

### मणिपुर में तीन चर्च नेताओं की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर हालात सुधरने की दिशा में जाने के बाद फिर बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं। राज्य के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 5 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमला हथियारबंद अज्ञात लोगों ने घात लगाकर किया। हमले के बाद कांगपोकपी और आसपास के कुकी-जो बहुल इलाकों में तनाव फैल गया। वारदात से गुस्साए लोगों ने पत्थर लकड़ियां लगाकर नेशनल हाईवे-2 बंद कर दिया गया। एनएच-2 मणिपुर को नागालैंड और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला अहम मार्ग है। मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन (एमबीसी) के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ शामिल हैं।

**टिप्पणी**

## शीर्ष अदालत ने कहा- आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं

# 'हिंदू धर्म अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, यह जीवन शैली है'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि

- घर या झोपड़ी में दीपक जलाना से भी सिद्ध होती है आस्था

यह जीवन जीने का तरीका है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एम एम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. जी मोहन गोपाल ने अदालत




के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डॉ. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है? इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपनी झोपड़ी के भीतर दीपक जलाता है, तो वही उसके धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है।





## संक्षिप्त ख़बरें

### परिश्रम से हर लक्ष्य तक पहुंचना संभव : पाठक

**तुर्कपट्टी।** कुबेरस्थान के रघुनाथ त्रिपाठी हायर सेकेंड्री स्कूल में बुधवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



समारोह में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय की छात्रा सागर गुप्ता ने 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंगद प्रसाद ने 86.5 प्रतिशत, राधा गुप्ता ने 86.33 प्रतिशत, अंशु जायसवाल ने 84.66 प्रतिशत, प्रियंशु प्रजापति ने 84.63 प्रतिशत तथा आंचल गिरी ने 84.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी.एन. पाठक ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेश उपाध्याय, भाजपा जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ल तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बच्चा सिंह मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में ग्रापए तहसील अध्यक्ष कसया कृष्ण मोहन पांडेय, आशोक सिंह, दिनेश तिवारी, अजय पटेल, कृष्णा पांडेय, सत्यम सिंह, जनार्दन मिश्र, अजय सिंह, अवधेश पांडेय, धनंजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन दुर्गा दयाल तिवारी ने किया।

### कृषि स्नातकों को मिलेगा स्वरोजगार

**महराजगंज।** किसानों को एक ही छत के नीचे बीज, कीटनाशक, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट, वर्मी कम्पोस्ट, कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना (एग्रीजंक्शन) के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी उपनिदेशक कृषि संजीव पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि जनपद महराजगंज में एग्रीजंक्शन केंद्रों की स्थापना के लिए कृषि स्नातक एवं परास्नातक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जनपद में कुल 12 केंद्र स्थापित किए जाने हैं, जिनमें 3 शहरी क्षेत्र तथा 9 ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी कृषि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### ट्रक व बस की टक्कर में दो घायल

**पटहेरवा।** पटहेरवा क्षेत्र के फोरलेन स्थित पटहेरिया चौराहे पर बुधवार की सुबह बड़ा हादसा होने से बचा।बिहार से दिल्ली जा रही बस व ट्रक की आमने सामने टक्कर में बस चालक व एक महिला सवारी घायल हो गए।मौके पर पहुची पटहेरवा पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया।व सड़क पर यातायात बहाल कराने में जुटी है। थाना क्षेत्र के पटहेरिया चौराहे पर बुधवार की सुबह चार बजे के करीब बिहार के अररिया से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस जैसे ही पटहेरिया चौराहे पर पहुची की सामने से आ रही ट्रक से सीधी टक्कर हो गयी।इस घटना में चालक बाल किशुन शाह पुत्र निरंजन शाह उम्र40 निवासी बैजनाथ थाना जगवानी अररिया बिहार व बेगम पत्नी मंजर 36 निवासी कटरवानी थाना जोकि अररिया बिहार घायल हो गए।ट्रक की ठोकर से बस का पिछ्ला हिस्सा डिवाईडर पर चढ़ कर अटक गया।घटना की आवाज सुनकर स्थानिय दुकानदारों ने किसी तरह से बस में बैठे सभी सवारियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दिया।मौके पर पहुची पुलिस ने घायल चालक व महिला को अस्पताल भेजवाया।पटहेरवा एस ओ धीरेन्द्र कुमार राय ने बताया कि घटना में घायल दो लोगो को अस्पताल भेज दिया गया है।पुलिस सड़क पर सुरक्षित यातायात बहाल कराने में जुटी है।

### यातायात पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

**महराजगंज।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न तिराहों और चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों ने



नगर के प्रमुख चौराहों पर बैरियर लगाकर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा दोषपूर्ण नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया।

# जीजा ने साली व खुद को मारी गोली, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सलेमगढ़ कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र में एक रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना सुबह सवेरे घटित हुई जहां रिश्ता को तारमतार कर दिया जहा जिजा ने साली को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मारकर चर्चा का बाजार गर्म करते हुए। मजाकिया रिश्ता को शक के घेरे में सबको खड़ा कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बसडिला बुजुर्ग गांव में आज 13 मई दिन बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात से पूरा इलाका दहल उठा। यहां एक युवक ने अपनी ही साली को कमरे में बंद कर गोली मारकर दी खुद को भी गोली से उड़ा लिया। वहीं घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया, जबकि इलाके में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज तथा फॉरेंसिक टीम पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कमरे से अवैध असलहा और चार फायर हुए खोखे बरामद किए हैं। ग्रामीणो के अनुसार मृतक युवक जितेंद्र प्रजापति (28) निवासी धर्म चौक थाना कुचायकोट जनपद गोपालगंज बिहार का निवासी था वहीं मृतका नैना प्रजापति (20) पुत्री शंभू प्रजापति निवासी बसडिला बुजुर्ग थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर की निवासी हैं। जितेंद्र की शादी लगभग 11 माह पूर्व नैना की बड़ी बहन बेवी प्रजापति से हुई थी। वह विदेश में रहकर फोरमैन का काम करता था। हाल ही में अपनी बहन की शादी में शामिल होने घर आया था। इसी दौरान वह अपनी साली नैना को ससुराल से अपने घर ले



जाना चाहता था। वह कुछ दिन पहले भी वह नैना को ले जाने के लिए ससुराल आया था, लेकिन परिजनों ने किसी कारणवश उसे भेजने से इनकार कर दिया था। इसके बाद वह कल मंगलवार की शाम फिर से अपने ससुराल बसडिला बुजुर्ग नशे की हालत में पहुंचा और रात में ससुराल में ही रुक गया।

आज सुबह जब साली कोचिंग क्लास करके 7 बजे घर पहुंची तो कमरे में नाश्ता कर रहे जिजा के पास गई वहीं चलने की बात को लेकर दोनों में नोंक-झोंक होने लगी। क्या बात हुई की जिजा ने अंदर से झिटखिनी बन कर दिया और

सुबह नैना को अपने साथ ले जाने की बात कहने वाला आराम से भोजन करके नैना को कमरे में बुलाया और अंदर से दरवाजा बंद करने के बाद लगभग 8 बजे

सनकी जिजा ने खुद और साली को गोलियों की तड़तड़ाहट में जिंदगी को समाप्त कर दिया। आवाज सुनकर जब तक परिजन कुछ समझ पाते बंद कमरे से खुन का बहाव दरवाजे से बाहर निकलने लगा। आशंका को देखते हुए पुलिस को सूचना दिया गया। पहुंची पुलिस ने सबसे पहले खिड़की का कांच को तोडा अंदर का दृश्य देख सबके होश उड़ गए। उसके बाद दरवाजा तोडा गया तो अंदर कमरे में नैना खून से लथपथ पड़ी थी साथ ही जितेंद्र ने भी खुद को गोली मार ली थी। दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज गिरजेश उपाध्याय और चौकी प्रभारी महेश मिश्र पुलिस बल के साथ कमरे को कब्जे में लेकर जांच शुरू की मौके से अवैध असलहा और चार फायर किए गए खोखे बरामद किए गए हैं। फॉरेंसिक टीम प्रभारी प्रकाश राय अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुचना पर पहुंची उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा ने आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही खुद ही आम लोगों से वार्ता करके जानकारी लेती रही। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और आम लोगों में तरह-तरह की पटकथा को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है साथ ही पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। एक ही परिवार की दो बेटियों का घर कुछ ही महीनों में उजड़ जाने से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि आखिर ऐसी कौन सी वजह थी, जिसने रिश्ते को आज खौफनाक अंत तक पहुंचा दिया जिजा ने।घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या के बाद आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक साक्ष्यों और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दर्शन में पहुंचे रोजगार सेवकों की हुई स्वगणना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित विकास भवन में आयोजित मुख्य विकास अधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे रोजगार सेवकों की सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत विकास भवन परिसर में स्थापित स्व-गणना हेल्प डेस्क के माध्यम से उपस्थित रोजगार सेवकों एवं अन्य फरियादियों को डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उनका स्व-गणना पंजीकरण भी कराया गया। इस अवसर पर हेल्प डेस्क पर तैनात कार्यालय कर्मी राघवेन्द्र रॉव एवं कमलेश यादव द्वारा विकास भवन आने वाले फरियादियों, कर्मचारियों तथा आमजन को स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण एवं विवरण भरने की प्रक्रिया के संबंध में तकनीकी सहायता एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। हेल्प डेस्क के माध्यम से लोगों को मोबाइल फोन पर स्वयं स्व-गणना करने की विधि, आवश्यक दस्तावेज एवं पोर्टल उपयोग की जानकारी सरल तरीके से समझाई जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के



लिए जनपद स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वयं स्व-गणना कर सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे आमजन को स्व-गणना हेतु प्रेरित करें तथा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करें। विकास भवन में संचालित हेल्प डेस्क के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों द्वारा स्व-गणना कराई जा रही है, जिससे जनगणना कार्य में निरंतर प्रगति हो रही है। आमजन द्वारा भी इस पहल की सराहना की जा रही है तथा लोग उत्साहपूर्वक डिजिटल स्व-गणना अभियान में सहभागिता कर रहे हैं।

## मेधावियों ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में इंडियन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रबंधक कैलाशनाथ दूबे ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद के अनुरूप बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन सुखद रहा है, परीक्षा परिणाम मेधावियों के कठिन परिश्रम, प्रतिबद्धता व जिजीविषा का प्रमाण है, लगन व मेहनत हर लक्ष्य को आसान बना देते हैं।

प्रधानाचार्य आरके उस्मानी, सुभाष चंद्रा व उपप्रधानाचार्य रत्नेश मिश्रा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे मेधावियों ने विगत कई वर्षों से अनवरत इंडियन पब्लिक स्कूल के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व उत्कृष्ट परिणाम अभियान को निरंतर जारी रखते हुए हम सभी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। जारी परीक्षा परिणाम में निष्ठा उपाध्याय 92, निधि 91, आदित्य मिश्रा 90, दिव्यांश श्रीवास्तव 85, दीपांशा कुमारी 85 प्रतिशत सहित



32 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उक्त अवसर पर प्रेम कुमार श्रीवास्तव, विनोद उपाध्याय, प्रदीप शुक्ला, अलका श्रीवास्तव, साजिदा खातून, रीना त्रिपाठी, गरिमा त्रिपाठी, सौरभ श्रीवास्तव, कृपाशंकर भट्ट, हर्षित मिश्रा, नितिन चावला, रानी अग्रहरि, स्नेहा मिश्रा, रिमझिम गुप्ता, ज्योत्स्ना पांडेय, श्रेया गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों व बच्चों की उपस्थिति रही।

## मिनी पिकअप खाई में पलटी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**चौक, महराजगंज।** चौक-निचलौल मार्ग पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे टीकर-परसौनी-सेखुई चौराहे के मध्य पड़री कला सिवान में एक मिनी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे में चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम सिहुली परसा निवासी सुनील प्रजापति मिनी पिकअप लेकर निचलौल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह पड़री कला सिवान के पास पहुंचे, अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटा। घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीर और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि टीकर-परसौनी-सेखुई मार्ग पर पड़री कला सिवान का यह हिस्सा



काफी खतरनाक हो चुका है। यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले दो वर्षों में इस स्थान पर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस स्थान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चेतावनी संकेतक और सड़क किनारे बैरियर लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### पुलिस ने फरार चल रहें वारंटियों को किया गिरफ्तार

**सिन्दुरियां।** स्थानीय पुलिस से तीन वारंटी को दो अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि उनके नेतृत्व में उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, अमित रंजन सिंह, का. रामजनम यादव एवं शैलेन्द्र यादव की टीम द्वारा भादवि की 323, 504 से सम्बन्धित वारण्टी हरिओम पुत्र बेलास निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर एकडंगा एवं भादवि की धारा 323, 504, 506, 375 से सम्बन्धित वारण्टी जितेन्द्र पुत्र सवारे, संवारे पुत्र रामप्रीत निवासी गण ग्राम मिठौरा टोला हडतोड़वा को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया।

## प्रशिक्षण के बाद मिलेगा टूलकिट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** जनपद में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए दक्षता, कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के साथ टूलकिट वितरण योजना संचालित की जाएगी। इस संबंध में उपायुक्त उद्योग नीरज कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि जनपद महराजगंज के लिए चयनित उत्पाद लकड़ी फर्नीचर है, जिसके लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद पात्र अभ्यर्थियों को टूलकिट भी प्रदान किया जाएगा।

योजना के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं रखी गई है। हालांकि आवेदक ने केंद्र या प्रदेश सरकार की किसी अन्य योजना के तहत संबंधित उत्पाद से जुड़ी टूलकिट का लाभ पिछले दो वर्षों में प्राप्त न किया हो।

योजना के अंतर्गत आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को केवल एक बार ही लाभ दिया जाएगा। परिवार से आशय पति और पत्नी से है।

इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर 30 जून 2026 को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, महराजगंज कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

## विद्या मंदिर के प्रिंस ने किया जिला टॉप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग के सीबीएसई बोर्ड की कक्षा द्वादश का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विद्यालय के छात्र प्रिंस राव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अथर्व शुक्ला ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा आराध्या ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दुर्गेश कुमार, अंजनी पांडेय, प्रांजल पटेल, अंशिका वर्मा, शशांक मिश्रा, विशेष पटेल सहित अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर



उत्कृष्ट सफलता अर्जित की।

विद्यालय परिवार में परीक्षा परिणाम को लेकर हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोपाल गाडिया, प्रबंधक प्रो सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदी सहित प्रधानाचार्य गोविंद सिंह एवं सभी आचार्यों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित शैक्षिक वातावरण का प्रमाण है।

## विशाल भण्डारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार पर कंपनीबाग शिव मंदिर पर वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश अरोरा के संयोजन में भजन कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए ओमप्रकाश



अरोरा ने बताया कि विगत 25 वर्षों से ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार पर कई तरह के आयोजन किए जाते हैं, इसी क्रम में कंपनी बाग शिव मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। वीर हनुमाना अति बलवाना सहित बजरंगबली से संबंधित भजनों को महिलाओं द्वारा गाया गया। इस अवसर पर जय प्रकाश अरोरा, विनोद सचदेवा, पवन मल्होत्रा, सुदर्शन कुमार, पूर्व सभासद अब्दुल्ला, राम चंद्र चौधरी, मुकेश, दीपक, मोहन त्रिपाठी, लक्ष्मी अरोरा, अंकिता, सविता, संगीता सचदेवा, नीलम, रीना, खुशी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## इलेक्ट्रिक ऑटो से चल रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की पेट्रोल डीजल बचत की अपील का असर बस्ती में भी दिखने लगा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह साथियों सहित विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर इलेक्ट्रिक ऑटो से पहुंचे। उनके साथ नगर पंचायत नगर के एक दर्जन सभासद भी मोटर साइकिलों पर सवार थे। बिगड़ी विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए श्री राना अधीक्षण अभियंता खालिद सिद्दीकी से संवाद करने बस्ती स्थित उनके कार्यालय गए थे। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत को स्वतंत्र फीडर से जोड़ने में हो रही देरी, नियमित अवर अभियंता की नियुक्ति न होने, अनियमित विद्युत कटौती, जर्जर तार और खंभों से दुर्घटना की आशंका, लो विलेटेज की समस्या, ट्रांसफार्मर अपग्रेड करने में विलम्ब, रात्रिकालीन समस्या के लिए सम्पर्क न हो पाना, बिजलेंस जांच के नाम पर हो रही धन उगाही आदि से जनता में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में कई बार अधिशाषी अभियंता सहित उच्चाधिकारियों को पहले ही अवगत



कराया जा चुका है परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई। घंटों चली वार्ता के बाद अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया कि नगर फीडर पर स्थाई अवर अभियंता की तैनाती की जाएगी। नगर को तीन दिन में स्वतंत्र फीडर से जोड़ कर विद्युत आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी। श्री राना ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर एक सप्ताह में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उतर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मिलकर जिले की वस्तु स्थित से अवगत कराया जाएगा। श्री राना ने बताया प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर अपनी चार पहिया वाहन खड़ी कर नगर पंचायत नगर निवासी अपने बाल सखा शतीश चंद्र द्विवेदी की इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा से नगर से बस्ती गए और वापस पुनः नगर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भी पेट्रोल डीजल बचाने की अपील किया था। इस अवसर पर सभासद राजेश पांडेय, राज कुमार चौधरी, संजय सोनकर, दिनेश चौरसिया, विजय साहनी, तुलसी राम, बिन्दू लाल, राम सजन यादव, राकेश पांडेय, देवेंद्र पांडेय, सन्नी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, गुरुवार,14 मई, 2026
गोरखपुर
3



# गोरखपुर को विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की सौगात देंगे सीएम

## गोरखपुर में वाराणसी रोड पर 392.94 करोड़ की लागत से बनेगा इंटरनेशनल स्टेडियम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की सौगात देंगे। वह शनिवार (16 मई) को इस अंचल के पहले और प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। गोरखपुर - वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में यह इंटरनेशनल स्टेडियम 392.94 करोड़ रुपये की लागत से आकार लेगा। निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 63.39 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं और

- पहली किश्त के 63.39 करोड़ रुपये से शुरू हुआ है निर्माण कार्य
- 30 हजार दर्शकों की होगी क्षमता, 7 प्लेइंग सहित कुल 11 पिच होगी स्टेडियम में

स्टेडियम बनाने के लिए एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेवलिंग और बड़े निर्माण उपकरणों को लगाने का काम शुरू भी हो चुका है।

विकास की नजीर पेश कर रहे गोरखपुर को आने वाले समय में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के जरिये वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खेल के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी जाना जाएगा। गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल है। गोरखपुर से पहले यूपी में कानपुर, लखनऊ में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, वाराणसी में बन रहा है। मुख्यमंत्री ने जब गोरखपुर में राज्य का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की मंशा जताई तो सबसे पहली आवश्यकता अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप पर्याप्त भूमि की पड़ी। इसके लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में भूमि चिन्हित की। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम का निर्माण 23



दिसंबर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित किया है।

गोरखपुर में बन रहा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 46 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा। कुल 30 हजार दर्शक क्षमता का यह स्टेडियम 'ग्राउंड प्लस टू फ्लोर' के हिसाब से बनेगा। इसके ग्राउंड पर खिलाड़ियों के लिए 7 प्लेइंग पिच और 4 प्रैक्टिस पिच होगी। स्टेडियम के पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड में प्रत्येक में 14,490 दर्शक बैठ सकेंगे। नार्थ पैवेलियन मीडिया और साउथ पैवेलियन विशिष्टजन के लिए होगा। रात्रिकालीन मैच भी हो सकें, इसके लिए मेन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानक के चार हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था रहेगी। यहां क्रिकेट के अलावा अन्य बड़े आयोजन भी होंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहतरीन जगह पर है। गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग फोरलेन से जुड़ा यह स्थान, गोरखपुर एयरपोर्ट से करीब 24 किमी की दूरी पर है और रेलवे स्टेशन से करीब 20 किमी है। ऐसे में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए यहां पहुंचना काफी सुगम होगा। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि ताल नदोर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन जाने से गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर बहुआयामी विकास का एक नया मॉडल दिखेगा। यहां पहले से ही पशु चिकित्सा, महाविद्यालय और वृहद कान्हा गोशाला का भी निर्माण हो रहा है। बहुआयामी विकास से यहां व्यापार और सेवा क्षेत्र को भी नई ऊंचाई मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# मृतक के नाम पर फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर कराई रजिस्ट्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जनपद में जमीन से जुड़े कथित फर्जीवाड़े का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने न केवल रजिस्ट्री प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर चिंता जताई है। आरोप है कि वर्ष 1996 में मृत हो चुके बृज गोपाल दास शाह के नाम पर वर्ष 2016 में जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। इस पूरे प्रकरण में सविता त्रिपाठी का नाम सामने आ रहा है, जिन पर मृत व्यक्ति को जीवित दिखाकर संपत्ति अपने नाम कराने का आरोप लगाया गया है।

मामला कैंपियरगंज क्षेत्र के अलगटपुर स्थित लगभग चार एकड़ मूल्यवान जमीन से जुड़ा हुआ है। पीड़ित परिवार का कहना है कि जमीन के वास्तविक मालिक उस समय अन्य प्रदेश में नौकरी कर रहे थे, जिसका फायदा उठाकर कथित रूप से यह फर्जीवाड़ा किया गया। आरोप है कि मृतक के नाम से मिलता-जुलता एक व्यक्ति खड़ा कर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कराई गई।

परिजनों के अनुसार, बृज गोपाल दास शाह की मृत्यु वर्ष 1996 में हो चुकी थी, जिसका प्रमाण सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। इसके बावजूद वर्ष 2016 में ÷बृज गोपाल÷ नाम के आधार पर रजिस्ट्री कराई गई। उनका कहना है कि दस्तावेजों में नाम की समानता का लाभ उठाकर और पहचान संबंधी कागजातों में हेरफेर कर यह पूरा खेल रचा गया।

परिवार का यह भी कहना है कि इस मामले की जांच पूर्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्तर से कराई जा चुकी है, जिसमें यह पुष्टि हो चुकी है कि ÷बृज गोपाल दास÷ और ÷बृज गोपाल दास शाह÷ एक ही व्यक्ति हैं और उनकी मृत्यु 1996 में ही हो गई थी। ऐसे में 2016 में उनके नाम से रजिस्ट्री होना गंभीर सवाल खड़े करता है।



न्याय की मांग को लेकर मृतक के परिजन–पोता, पोती, दामाद एवं अन्य परिजन–जिलाधिकारी दीपक मीणा से मिल चुके हैं और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने डीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में फर्जी रजिस्ट्री को निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है।

इसके बाद गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में विजय कृष्ण गर्ग, श्रीमती प्रियमबदा गर्ग, महेंद्र अग्रवाल और सुरेंद्र अग्रवाल सहित अन्य परिजन मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान परिजनों ने भावुक होते हुए कहा, ÷अगर हमारे मृत बाबा जिंदा हैं, तो उन्हें सामने लाकर खड़ा कर दीजिए। जिनका हमने वर्ष 1996 में अंतिम संस्कार किया, वह अचानक 2016 में जिंदा कैसे हो गए? पीड़ित परिवार ने इस पूरे प्रकरण में राजेश यादव पुत्र बैजनाथ यादव, निवासी तिलक नगर, गोरखनाथ को मास्टरमाइंड बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पूरे फर्जीवाड़े की साजिश रचने और उसे अंजाम तक पहुंचाने में उक्त व्यक्ति की मुख्य भूमिका रही है।

पीड़ित परिवार ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के मामलों पर प्रभावी रोक लग सके।

# नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** नगर आयुक्त अजय जैन ने ग्राम सुथनी में निर्माणाधीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्लांट को हर हाल में 25 मई से प्रारंभ किया जाए, ताकि कचरा निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिल सके। उन्होंने प्लांट से निकलने वाले इनर्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु कंपोस्टिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एमएसडब्ल्यू (स्व्स्ङ्ख) पिट के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि एमएसडब्ल्यू प्रोसेसिंग यूनिट के संचालन में किसी प्रकार की बाधा आने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था पहले से तैयार रखी जाए, जिससे कचरा प्रबंधन प्रभावित न हो। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लगाए गए पौधों के समुचित रखरखाव और सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त अजय जैन ने सुथनी में बन रहे विभिन्न प्रकार के ब्लॉक एवं अन्य वेस्ट प्रोसेसिंग इकाइयों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जीडीए वीसी अभिनव गोपाल, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता तथा एनटीपीसी के अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण

## डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों संग लिया स्थलीय जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** ताल नन्दौर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार 16 मई को संभावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, नगर आयुक्त अजय जैन, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मुकुल खंडेलवाल, एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता तथा एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में



तेजी लाने और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

गौरतलब है कि ताल नन्दौर में बनने वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम करीब 392.94 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। लगभग 50 एकड़ क्षेत्रफल में फैलने वाले इस स्टेडियम में 30,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। परियोजना के तहत 11 पिचें, आधुनिक ड्रेसिंग रूम और करीब 1500 वाहनों की पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### रामगढ़ताल में गूंजी बेटियों की हुंकार

**गोरखपुर।** कहते हैं कि बेटियां अगर ठान लें तो लहरों का रुख मोड़ देती हैं। बुधवार को रामगढ़ताल के किनारे कुछ ऐसा ही नजारा दिखा, जब देश भर से आई जांबाज महिला रोअर्स अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग के उद्घाटन समारोह में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ उतरीं। हालांकि, सबसे ज्यादा उत्साह मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम को लेकर दिखा, जिन पर घरेलू दर्शकों के सामने अच्छे प्रदर्शन की चुनौती होगी। गोरखपुर क्वींस के रूप में लहरों पर उतरने वाली सूबे की इन जांबाज बेटियों ने आज अपने उत्साह से सबका दिल जीत लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग से आयोजित लीग का आयोजन 12 से 16 मई तक किया जा रहा है।

# खुले नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत, ठेकेदार फर्म पर केस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** असुरन-पिपराइच फोरलेन चौड़ीकरण कार्य के तहत चल रहे नाला निर्माण के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। 12 मई 2026 को पादरी बाजार पुलिस चौकी से लगभग 200 मीटर आगे असुरन-पिपराइच रोड किनारे बने खुले नाले में गिरकर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड तृतीय) द्वारा सड़क के दोनों ओर नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रथम दृष्ट्या जांच में निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आने पर संबंधित ठेकेदार फर्म सीएलआईएल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की गई है। अवर अभियंता डी.के. सिंह को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं सहायक अभियंता रंजन सिंह के खिलाफ नियम-7 के तहत विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। प्रभारी अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल से भी पूरे प्रकरण में स्पष्टीकरण मांगा गया है और इस संबंध में प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है।

प्रशासन ने मृतक के परिजनों को हर संभव शासकीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही पूरे मामले की गहन जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में एक जांच कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी घटना के सभी पहलुओं की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और स्थानीय लोग निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सवाल उठा रहे हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं नर्सें : डॉ. सुरिंदर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विवि गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं अस्पताल में बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार देर शाम विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। वे रोगियों की सेवा केवल एक कर्तव्य के रूप में नहीं, बल्कि संवेदनशीलता एवं मानवता के साथ करती हैं।

कुलपति डॉ. सिंह ने समस्त नर्सिंग स्टाफ और छात्राओं को नर्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सों का योगदान चिकित्सा क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रोहित



एलानी ने नर्सों की कार्यनिष्ठा एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी अस्पताल की सफलता में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने छात्राओं को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने एवं सेवा भावना को जीवन का मूल मंत्र बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात नर्सिंग छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं ने नर्सों के सेवा भाव, धैर्य एवं मानवता के प्रति समर्पण को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। इस दौरान सभी नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. हरिओम, डॉ. कमलेश पांडेय, डॉ. दिनेश सिंह, शिवप्रकाश, सौरव श्रीवास्तव, ममता रावत, रिंकी सिंह, सुधा पांडेय, सरिता सिंह, नम्रता नोएल आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

### मेधावियों का हुआ सम्मान

**बडहलगंज।** नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज के प्रबंध समिति ने पूर्व प्रबंधक पं हरिशंकर तिवारी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर यह निर्णय लिया है कि 16 मई को गोला तहसील के समस्त शासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के उन छात्रों-छात्राओं (छात्र-छात्रा दोनों कैटेगरी से एक-एक) को, जिन्होंने अपने विद्यालय में इस वर्ष की इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया, उन सभी छात्र-छात्राओं को पं.हरिशंकर तिवारी मेधावी छात्र सम्मान के अंतर्गत नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही यदि वे छात्र-छात्राएं अपनी उच्च शिक्षा नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कालेज से पूरी करना चाहते हैं,तो उन्हें कॉलेज के द्वारा निन्शुल्क शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला तहसील क्षेत्र के समयथान भीटी संकुल अंतर्गत स्थित पीएमश्री विद्यालय सेमरी में बुधवार को 7 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का शुभारम्भ बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सदन तिवारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदन तिवारी ने कहा कि भारत विविध भाषाओं और संस्कृतियों का देश है। विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं का ज्ञान देना राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यालय की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए बच्चों को पूरे उत्साह के साथ शिविर में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के इंचार्ज




प्रधानाध्यापक एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि यह शिविर आगामी सात दिनों तक विद्यालय परिसर में संचालित किया जाएगा। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं के सामान्य शब्द, अभिवादन शैली, लोकगीत, संवाद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं भाषाई खेलों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान किया जाएगा। शासन द्वारा प्रत्येक दिवस हेतु विविध गतिविधियों की सुझावात्मक सूची भी प्रेषित की गई है, जिसके अनुरूप प्रतिदिन रोचक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शिविर के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भारतीय भाषाओं के महत्व को समझा तथा विभिन्न भाषाओं में अभिवादन सीखकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से शिविर में सहभागिता के लिए प्रेरित करें, जिससे बच्चे भाषाई एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बन सकें।

कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के वरिष्ठ सहायक अध्यापक रामसिंह, पंकज कुमार गुप्ता, गुलाब, अशोक कुमार चौहान, प्रिन्स तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

### शालिनी ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**गोला।** गोला क्षेत्र के बांहपुर की होनहार छात्रा शालिनी दुबे पुत्री संजय दुबे ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है।



राम सखी राम निवास बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने शालिनी को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों ने इसका श्रेय उनकी मेहनत तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। शालिनी की इस सफलता पर क्षेत्र के प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर अनिल तिवारी, कैलाश मिश्र, कैलाश दुबे, डॉक्टर प्रवीण तिवारी, डॉक्टर अनूप तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश तिवारी, शिक्षक राहुल गौतम, सुनील विश्वकर्मा, उमेश दुबे, प्रशांत दुबे शिवांश दुबे ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# घर कब्जा करने का आरोप, मुकदमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सीसई निवासी पीड़ित ने अपने सगे बेटे और भाई पर जबरदस्ती घर कब्जा करने का आरोप लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामहजूर मिश्रा पुत्र रामदास मिश्र निवासी ग्राम सीसई रोजगार हेतु मुंबई में रहते है प्रार्थी घर पर ताला बंद था दिनांक 08/05/2026 को रात करीब 8 बजे प्रार्थी का पुत्र धर्मेंद्र जोकि मनबढ़ किस्म का आदमी है वह प्रार्थी के भाई गुलाब पुत्र स्वर्गीय रामदास वह विनोद पुत्र गुलाब लोग प्रार्थी के घर में बंद ताला तोड़कर घर का सामान फेंक दिए तथा जबरदस्ती घुसकर रहने लगे , प्रार्थी ने बताया कि मेरा लड़का धर्मेंद्र वह मेरा भाई गुलाब पुत्र रामदास व विनोद पुत्र गुलाब लोग गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी रहे इसके पहले भी यह लोग हमको धमकी दे चुके हैं जिसकी सूचना मैं थाने पर दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई प्रार्थी ने बताया कि यह लोग गोलबंद किस्म के आदमी है इनका संबंध अनेक आसमाजिक तत्वों से है यदि इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई यह लोग कभी भी प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी की हत्या कर देंगे गुलाब मिश्र के पास लाइसेंसी बंदूक वह विनोद मिश्रा के पास रिवाल्वर है इससे यह लोग बार-बार प्रार्थी तथा प्रार्थी की पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हैं राम हजूर मिश्रा ने यह भी बताया कि मेरा लड़का अपराधी किस्म का व्यक्ति है वह हमेशा हम लोगों के विरुद्ध खुरापात करता रहता है इस प्रकरण में गोला थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है और सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर की टक्कर से आरक्षी की मौत



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस पीआरबी मे तैनात कांस्टेबल की ड्यूटी के दौरान सोनभद्र में टैंकर की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई।शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने गार्ड ऑफ़ ऑनर की सलामी दी। तत्पश्चात करेंटी गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया।महेशगंज थाना के गोगहर निवासी व कुंडा कोतवाली नगर के नरसिंहगढ़ की मूल निवासी नीरज कुमार यादव 33 पुत्र राममिलन यादव सन 2019 मे पुलिस में भर्ती हुआ।वर्तमान समय मे सोनभद्र के बभनीपुर थाना पीआरवी पुलिस मे तैनात था।मंगलवार सायंकाल होमगार्ड के साथ घटनास्थल पर जाते समय बभनीपुर तिराहा पर लोकेशन लेने के लिए खड़ा हुआ।होमगार्ड के बाइक से उतरते ही पीछे से आ रहा तेज रफ्तार टैंकर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया,जिससे वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए तत्काल बनारस ट्रामा सेंटर ले जाया गया।इलाज के दौरान रात्रि में ही कांस्टेबल की मौत हो गई।पुलिस वाहन से शव के घर पहुंचने के पहले ही तेज आंधी-तूफान व बरसात के कारण सड़कों पर बड़ी संख्या में पेड़ों के गिर जाने से रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया।किसी तरह से गाड़ियों का काफिला उनके गांव गोगहर पहुंचा।परिजनों में कोहराम मच गया।विलंब हो जाने के कारण मृतक को गार्ड ऑफ ऑनर देने का निर्णय उनके कुंडा नगर के नरसिंहगढ़ स्थित पैतृक गांव में देने का निर्णय हुआ।सभी रास्ते पूरी तरह से बाधित होने के कारण लगभग 25-30 किलोमीटर घुमावदार रास्ते से दूरी तय कर लगभग 7.15 बजे कुंडा पहुंचा।जिस कारण गार्ड आफ आनर की न तो सलामी दी जा सकी,न ही अंतिम दाह संस्कार हो सका।मृतक दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा अविवाहित भाई था।शव का अंतिम दाह संस्कार गुरुवार को करेंटी गंगा जी घाट पर किया जाएगा।

# राप्ती में डूबा 9 वर्षीय बालक, खोजबीन जारी

**उतरौला/बलरामपुर।** विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत ग्राम महुवाधनी के सुरैया देवर में स्थित राप्ती नदी में डूबे 9 वर्षीय बालक का तीसरा दिन हो गया अभी तक कुछ पता नहीं चल सका। एनडीआरएफ की टीम ने डूबे हुए बालक को ढूंढने का प्रयास जारी हैं, लेकिन अभी तक सफलता नही मिल सकी है। नदी में डूबा हुआ बच्चा न मिलने से परिजन काफी लाचार, बेबस व परेशान नजर आ रहे हैं। ग्रामवासी पीडित परिजन को सकारात्मक दिलासा दे रहे हैं। स्थानीय प्रशासन एवं एनडीआरएफ की टीम डूबे बच्चे को ढूंढने का हर सम्भव प्रयास कर रहे है। बताते चलें कि थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुवाधनी के सुराहियां देवर गांव के किनारे नदी पर 09 वर्षीय बालक बृजेश कुमार खेल रहा कि अचानक पैर के फिसलने से वह राप्ती नदी में चला गया। नदी में डूबे हुए 9 वर्षीय बालक के पिता रक्षाराम ने बताया कि बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी तलाश के बाद भी बच्चे का पता नहीं चल सका घटना की सूचना पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी उपजिलाधिकारी उतरौला व थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम मनोज कुमार सरोज, प्रभारीनिरीक्षक अवधेश राज सिंह व लेखपाल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। नाव व स्थानीय गोता खोरों से नदी में तलाश कराई गई, लेकिन देर शाम तक सफलता न मिलने से बच्चे की तलाश हेतु दूसरे दिन एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई। उप जिलाधिकारी उतरौला मनोज कुमार सरोज ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही एनडीआरएफकी टीम बुला कर तलाश कराई जा रही है।

# तेज तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** बुधवार की शाम आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचा दी।विद्युत उपकेंद्र बाहोरिकपुर क्षेत्र गोगहर मे तूफान के चलते ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया,जबकि सड़क किनारे लगा,विद्युत पोल भी धराशाई हो गया।इसके चलते इलाके की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।हीरागंज से बाबागंज क्षेत्र तक आंधी का असर व्यापक रूप से देखने को मिला।तेज तूफान के कारण जगह-जगह सैकड़ों विद्युत पोल व पेड़ उखड़ कर गिर गए,जिससे कई गांवों की बिजली व्यवस्था ठप हो गई।हीरागंज-बाबागंज मुख्य मार्ग सहित अन्य संपर्क मार्गों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया।सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने के लिए स्थानीय लोग देर रात तक जुटे रहे।ग्रामीणों ने मिलकर रास्ता साफ करने का प्रयास किया ताकि आवागमन बहाल हो सके।कई स्थानों पर बिजली के तार टूट कर सड़क पर गिर गए, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना रहा।सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और क्षतिग्रस्त पोल,तार व ट्रांसफार्मर का निरीक्षण शुरू किया।विभागीय कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य किया जा रहा है।आंधी-तूफान से पूरे क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित रहा और ग्रामीणों ने जल्द राहत कार्य तेज करने की मांग की है।

## खबर एक नजर

### तेज रफ्तार तूफान के साथ ओलावृष्टि

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** बुधवार को प्रचंड धूप के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज रफ्तार तूफान आने से तबाही मच गई। तूफान की रफ्तार कम होते ही बरसात के साथ छोटे-छोटे पत्थर बरसने लगे। तूफान से कई बूढ़े पेड़ों ने धरती को अलविदा कह दिया तो कुछ की मोटी टहनियां रास्तों समेत घरों पर गिर गए।तेज आंधी से बिजली के तार टूट कर गिर गए।प्रचंड धूप से तूफान ने पल भर के लिए राहत क्या दिया,पीछे तबाही छोड़ गया।कई दुकानदारों समेत घरों मे लगे टीन शेड उड़ गए।कुंडा तहसील अंतर्गत हीरागंज महेशगंज बाबागंज बिहार बाघराय संग्रामगढ़ हथिगवां मानिकपुर आलापुर परियांवा कालाकांकर आदि क्षेत्रों मे तेज रफ्तार तूफान आने से कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए तो कुछ टूट कर गिर गए।बिजली विभाग टूटे तारों की मरम्मत कर रहे है।

### पेड़ पर अज्ञात युवक की लटकती मिली लाश

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना के दादूपुर नई बाजार गांव के बाहर बुधवार की दोपहर करीब पेड़ से लटकती युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई।देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया।ग्रामीणों का कहना है कि बुधवार की दोपहर जब कुछ लोग खेतों की ओर जा रहे थे,तभी उनकी नजर पेड़ से लटक रही लाश पर पड़ी। लोगों ने मृत युवक को पहचानने की कोशिश किया लेकिन विफल रहे।पुलिस आस-पास के थानों मे युवक की फोटो भेजकर जानकारी जुटाने में लगी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुकान पर फायरिंग कर दहशत पैदा करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के सगरा सीटी रोड पर स्थित दुकान पर परफ्यूम खरीदने के दौरान ग्राहक और दुकानदार मे विवाद हो गया।दुकानदार का आरोप है कि ग्राहक बाद में अपने अन्य साथियों के साथ असलहा लेकर पहुंचा और फायरिंग कर फरार हो गया।फायरिंग से इलाके मे दहशत पैदा हो गया।वादी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज कर आरोपी वैभव कुमार त्रिपाठी पुत्र अशोक कुमार त्रिपाठी निवासी अपने गांव के तालाब के पास पट्टी थाना दिलीपपुर को तलाशने लगी।आरोपी के फरार रहने से उस 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया।पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी वैभव कुमार त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्टल दो जिन्दा कारतूस बरामद कर मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

### तेज तूफान से गिरी दीवार में महिला की दबकर मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बुधवार को आए तूफान मे दीवार गिरने से महिला की मौत।बाघराय थाना के नारंगपुर गांव मे बुधवार शाम तेज आँधी-तूफान के चलते बड़ा हादसा हो गया।तेज हवाओं और बारिश के बीच एक लगभग 9 फीट ऊंची पक्की दीवार भर-भरा कर गिर गई,जिसकी चपेट में आने से शांति देवी 46 पत्नी राजेंद्र कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं।परिजन तुरंत मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतका के पति राजेंद्र कुमार शर्मा किराने की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते है। परिवार में दो बेटे है।अचानक हुई दर्दनाक घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है।ग्रामीणों के अनुसार बुधवार शाम क्षेत्र में तेज आँधी-तूफान के साथ बारिश हुई,जिससे कई जगह पेड़ और दीवारें गिर गईं।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई।

### गोली मारकर युवक की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** अंतू थाना के दासियापुर निवासी पंकज शुक्ला 33 वर्ष अपने साथी के साथ 4 अप्रैल की शाम चन्द्रिकन देवी धाम मन्दिर दर्शन के लिए बाइक से जा रहा था कि वह जैसे ही रैवीरजानीपुर तिराहे पर पहुंचा था कि पुरानी रंजिश मे शिव शंकर मिश्रा उर्फ सोनू विकास पांडेय विवेक पांडेय व विपिन तिवारी ने एक राय होकर हमला कर दिया।पुरानी जमीनी रंजिश मे विवेक पांडेय ने पंकज शुक्ला पर गोली चला दी,जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।आरोपियों ने प्रार्थी पर भी हमला करने का प्रयास किया जिससे वह जान बचाकर भागा।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया। एसआई सचिन यादव ने मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी राकेश पांडेय पुत्र अम्बिका प्रसाद पांडेय निवासी दासियापुर को समदा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शादी में फ्लोर डीजे संचालक को पीटा

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली के डेई धौरहरा गांव निवासी आदर्श सरोज पुत्र पवन सरोज शादी मे फ्लोर डीजे बजाने का कार्य करता है।वह मेहंदी रस्म पर सराय मधई गांव में फ्लोर डीजे बजाने गया।रात 2 बजे रात तक डीजे बजाया,फिर बंद करने की बात की,जिस पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई,संचालक ने कहा कि रात ज्यादा हो गई है, अब डीजे नहीं बजा पाऊंगा।उसी बात की रंजिश को लेकर दूसरे दिन शादी में गया,तो एकांत में बुलाकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बेल्ट व लोहे की राड से मारकर घायल कर दिया।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** जिले में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, छात्रावास (हॉस्टल) सहित विभिन्न भवनों का निरीक्षण करते हुए कार्यों को 31 मई तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाएं। विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कैंटीन, कैफेटेरिया, बैंक एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना की तैयारियां अभी से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को आधुनिक एवं सुविधायुक्त शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय परिसर को आकर्षक एवं हरित वातावरण प्रदान करने हेतु हॉर्टिकल्चर कार्यों को भी समानांतर रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में पौधारोपण, लॉन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ,अधिशासी अभियंता विद्युत,विभागीय अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिकअप को ओवरटेक करने में बोलोरो दुर्घटनाग्रस्त

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।** सवारी से भरी बोलोरो पिकअप गाड़ी को ओवरटेक करते समय पीछे से भीड़ गई।बोलोरो मे बैठी सवारी बाल-बाल बच गई।बोलोरो का छत व बाडी दब गई।फतनपुर थाना के छानापार मोड़ पर बुधवार को भीषण सड़क दुर्घटना होने से बच गया।आगे जा रही पिकअप गाड़ी को पीछे से बोलोरो चालक ओवरटेक कर रहा था कि बोलोरो पिकअप के पीछे से टकरा गई,जिससे बोलोरो की छत व बाडी दब गई।बोलोरो को ओम प्रकाश बिंद और पिकअप को जगदीश यादव चला रहा था,दोनों चालक गांव के ही बताए जा रहे है।प्रायः मोड़ पर ओवरटेक करने से चालक को बचना चाहिए,यातायात नियमों की अनदेखी करने पर ही दुर्घटनाएं होती है।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों गाड़ी व चालक को थाने ले गई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती, ।** बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अन्नपूर्णा की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत संपादित कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होने निर्देशित किया कि विद्यालयों के कायाकल्प का कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे युद्धस्तर पर कराकर पूर्ण कराया जाए। उन्होने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए गए कि ऐसे विद्यालय जहां पर बालक/बालिका व दिव्यांग शौचालय निर्मित नहीं है, वहां विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण कराया जाए। विद्यालय जहां पर अवस्था सुविधाएं उपलब्ध नहीं है उनका विवरण तैयार करते हुए वहां निर्माण कार्य संपादित करा लिया जाए जिससे जनपद को सर्वोच्च श्रेणी में लाया जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि बाल वाटिका से लेकर जो भी लक्ष्य निर्धारित है लक्ष्य के सापेक्ष कार्य संपादित करते हुए बच्चों को निपुण बनाया जाए। मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त विद्यालय में मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन मुहैया कराया जाए। इसके अतिरिक्त प्रेरणा पोर्टल का भी अवलोकन किया गया, जिस पर बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अध्यापक रसोईया तथा मीना मंच के जो बच्चे हैं उनके द्वारा बच्चों को विद्यालय लाने के लिए घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित किया जाए तथा उपस्थिति बढ़ाई जाए, जिससे बच्चों को शीघ्र ही निपुण बनाया जा सके।

# अधिवक्ता संघ द्वारा की गई नियुक्ति की मांग

**उतरौला/बलरामपुर।** सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला का स्थानांतरण जनपद अमरौहा हो जाने के बाद उच्च न्यायालय ने अभी तक अपरसिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला सिद्धार्थ सोलंकी को सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के पद पर स्थानांतरित कर दिया है। इससे अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला का न्यायालय रिक्त हो गया है। 'अधिवक्ता संघ द्वारा की गई नियुक्ति की मांग' अधिवक्ता संघ उतरौला के अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश और जिला जज बलरामपुर को मांग पत्र भेजकर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के पद पर तत्काल तैनाती की मांग की है। अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने पत्र में अवगत कराया कि अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के न्यायालय में करीब 600 सिविल वाद लम्बित हैं। इसके अलावा थाना श्रीदत्तगंज, रेहरा बाजार व सादुल्लाहनगर के लगभग 10 हजार मुकदमे भी विचाराधीन हैं। न्यायालय में अधिकारी के न होने से इन मुकदमों का निस्तारण समय से नहीं हो पा रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के पद पर अधिकारी के न होने से उतरौला तहसील क्षेत्र के पांचों थाने जैसे कोतवाली उतरौला श्रीदत्तगंज, रेहरा बाजार, गैडास बुजुर्ग और सादुल्लाहनगर के रिमांड का क्षेत्राधिकार सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला को मिल गया है। इससे उन पर मुकदमों का भारी बोझ बढ गया है, और निस्तारण में विलम्ब भी हो रहा है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने यह भी मांग की है कि वादकारियों को राहत देने के लिए उतरौला में रिक्त पडे हुए हैं, और अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर शीघ्र नियुक्ति की जाए, जिससे मुकदमों के निस्तारण में तेजी आ सके।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/कउप्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 14 मई 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 14 मई 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज का निरीक्षण करेंगे तथा पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील कैसरगंज में जन समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगे तदोपरान्त अपरान्ह 12:45 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में भाजपा एवं सहयोगी दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही अपरान्ह 03:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में समन्वय समिति/कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे तदोपरान्त मा. मंत्री श्री शाही अपनी सुविधानुसार अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

# जमीनी विवाद में चचेरे भाई को मारी गोली, हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र से मंगलवार शाम 6:00 बजे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। भूमि विवाद को लेकर चचेरे भाई ने अपने ही रिश्तेदार पर गोली चला दी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मटिहा मजरा बंगला पटाव के निवासी विनोद कुमार पुत्र राम गोप, जो वर्तमान में लीलापुरवा में मकान बनाकर रह रहे थे, का अपने पट्टीदारों से संयुक्त खाते की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मंगलवार शाम करीब 6 बजे जब विनोद ने विवादित जमीन न जोतने को लेकर आपत्ति जताई, तो इसी बात से नाराज होकर उनके चचेरे भाई ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से विनोद कुमार लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़े। परिजन आनन-फानन में घायल अवस्था में उन्हें कोतवाली नानपारा लेकर पहुंचे, जहां से प्राथमिक कार्रवाई के बाद इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा भेजा गया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने पहले जिला अस्पताल बहराइच और फिर उच्च उपचार के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश जारी है। इस खूनी वारदात के बाद इलाके में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुरानी रंजिश में 8 वर्षीय मासूम की बेरहमी से हत्या, एक आरोपी हिरासत में

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** थाना कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम दयालपुरवा दाखिला मंझारा तौकली में मंगलवार को 8 वर्षीय मासूम की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मासूम की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आ गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई और जल्द खुलासे के निर्देश दिए। घटनास्थल पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जनपदीय फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के जरिए हर पहलू को रिकॉर्ड किया गया ताकि घटना की तह तक पहुंचा जा सके।

# पालिका परिसर में आधार कार्ड से जुडी सभी सेवाएं शुरू

**बलरामपुर।** नगरपालिका क्षेत्र मे नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुलभ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में आदर्श नगर पालिका परिषद द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन में अब नगर पालिका परिषद परिसर में ही नया आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड से संबंधित सभी प्रकार के संशोधन (अपडेट) की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक अब आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, फोटो अथवा अन्य आवश्यक संशोधन आसानी से करवा सकेंगे। साथ ही जिन लोगों का अब तक आधार कार्ड नहीं बना है,वे भी नगर पालिका परिसर में पहुंचकर नया आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह सेवा सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे आमजन को आर्थिक रूप से भी राहत मिलेगी। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकने से बचाना तथा एक ही स्थान पर त्वरित और पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि जनसुविधाओं को सरल,पारदर्शी और प्रभावी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस जनोपयोगी सेवा का लाभ उठाकर अपनी आधार संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान प्राप्त करें।

# जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ, व्यवस्थाओं का लिया जायजा




**बलरामपुर।** जिले में परित्यक्त एवं निराश्रित बच्चों के संरक्षण एवं बेहतर देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई को अब विकास भवन परिसर में पर्याप्त एवं व्यवस्थित स्थान पर संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की उपस्थिति में इकाई के नवीन सुसज्जित कक्ष का शुभारंभ किया। पूर्व में यह इकाई यू.पी.टी. होटल के पास चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ संयुक्त रूप से संचालित हो रही थी, यहां पर सीमित स्थान में संचालित होने कारण आवश्यक सुविधाएं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही थी। जिलाधिकारी के निर्देशन में अब इस इकाई को विकास भवन में पर्याप्त स्थान एवं बेहतर व्यवस्थाओं के साथ संचालित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे परित्यक्त एवं जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। शुभारंभ के अवसर पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों हेतु 10 यूनिट क्षमता वाली राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई के नवीन कक्ष में लावारिस अवस्था में प्राप्त दो नवजात बच्चों (एक बालक एवं एक बालिका) का जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षों की साफ-सफाई, बच्चों के रहने की व्यवस्था, सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा उन्हें पारिवारिक वातावरण जैसी संवेदनशील एवं सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



# डीएम ने की बाढ़, सिंचाई, नलकूप व जल निगम कार्यों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में बाढ़, सिंचाई, नलकूप एवं जल निगम विभाग से संबंधित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संचालित योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

■ **योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के दिए निर्देश**



साथ ही सिंचन क्षमता को सुदृढ़ बनाए रखने एवं कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न होने को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ विभाग से संबंधित कार्य परियोजनाओं की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जो परियोजनाये लोकार्पण एवं शिलान्यास की स्थिति में है, उसकी अलग सूची तैयार रखी जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़े निरोधात्मक एवं आवश्यक कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार कर समय से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नहरों की सफाई एवं रखरखाव कार्यों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही नहरों में रोस्टर के अनुरूप पानी की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की समस्या न हो। नलकूप विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने खराब नलकूपों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी नलकूप यांत्रिक अथवा विद्युत खराबी के कारण बंद न रहे, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जल निगम विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं, पानी की टंकियों एवं पाइपलाइन कार्यों की क्रॉस चेकिंग पंचायत सचिवों के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई स्थानों पर पाइपलाइन डालने के बाद सड़कें खोदकर छोड़ दी जाती हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित सड़क को तत्काल ठीक कराया जाए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि पेयजल टंकियों से अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जल निगम से संबंधित सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर एवं संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेडिकल बाईपास के लिए अतिक्रमण हटना शुरू 10 से अधिक लोगों ने खुद हटाया कब्जा

**बलिया।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने बुधवार को प्रस्तावित मेडिकल बाईपास रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान 2.41 किलोमीटर लंबी सड़क के सरेखण का पैदल चलकर वास्तविक धरातल पर मिलान किया गया। प्रस्तावित बाईपास ग्राम हैबतपुर, विजईपुर और बनकटा से होकर गुजरेगा। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सड़क की कुल चौड़ाई 12 मीटर होगी, जिसमें 7 मीटर पिच रोड का निर्माण किया जाएगा। मौके पर लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड) के अधिशासी अभियंता एवं राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही। प्रशासन की कार्रवाई के बाद बाईपास मार्ग पर पूर्व में लगाए गए निशानों के आधार पर अतिक्रमण करने वाले लोगों ने स्वयं अवैध कब्जा हटाना शुरू कर दिया है। ललित कुमार, भीम गुप्ता, नितेश राय समेत 10 से अधिक लोगों ने अपना अतिक्रमण हटा लिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया जाएगा। मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर मेडिकल बाईपास का निर्माण कार्य गुरुवार से लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में शुरू कर दिया जाएगा, क्योंकि उस हिस्से में भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं है। वहीं विजईपुर स्थित कटहल नाला पर एक पुल का भी निर्माण कराया जाएगा। साथ ही माननीय परिवहन मंत्री के प्रयास से मेडिकल बाईपास परियोजना को शासन से स्वीकृति मिली है तथा टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परियोजना की कुल लागत 34 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें लगभग 1.5 किलोमीटर भूमि के अधिग्रहण पर 7.54 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मेडिकल बाईपास बनने से शहर में यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी और लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

■ **हैबतपुर, विजईपुर और बनकटा से होकर गुजरेगा मेडिकल बाईपास**

■ **12 मीटर चौड़ी होगी मेडिकल बाईपास सड़क, 7 मीटर बनेगी पिच रोड**

## खबर एक नजर

### 12वीं की बोर्ड परीक्षा में आनंद मेमोरियल अकादमी के छात्रों का परिणाम उत्कृष्ट रहा

**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, दिल्ली ने कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है । जिसमें आनंद मेमोरियल अकादमी के छात्रों का परिणाम उत्कृष्ट रहा । घोषित परीक्षा परिणाम में खुशी - 92%, मोहम्मद फैज़ - 90%, अमृतंजलि सिंह - 89%, आरुषी यादव - 87%, सिमरन तिवारी - 86%, रैना पावनी - 85%, उत्कर्ष गुप्ता - 83%, अंशिका मौर्य और, सत्यम यादव - 82% विवेक यादव और मोहम्मद आरिज़ - 81% और अवनीश यादव - 80% रहा । जीव विज्ञान, गणित और वाणिज्य तीनों वर्गों के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। विद्यालय के निदेशक संतोष वर्मा ने उत्तीर्ण छात्रों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीएचसी बरहज में मरीजों की आंख में दवा डालने वाला व्यक्ति सफाईकर्मी नहीं : डीपीआरओ

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज में मरीजों की आंख में दवा डाले जाने के संबंध में विभिन्न स्तरों से शिकायत एवं सूचना प्राप्त होने के बाद प्रकरण की जांच सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बरहज से कराई गई। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि उपचार के दौरान जिस व्यक्ति को बरहज विकास खंड का सफाईकर्मी बताया जा रहा है, वह बरहज विकास खंड में तैनात सफाईकर्मी नहीं है।

### पद्म पुरस्कारों हेतु उत्कृष्ट उपलब्धि/योगदान देने वाले आजमगढ़वासी सकरें आवेदन: जिलाधिकारी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2027 के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट उपलब्धि, योगदान एवं सेवा के लिए भारत सरकार द्वारा पदम विभूषण, पदम भूषण तथा पदम श्री उपाधियां दिये जाने के लिए महानुभाव के नाम की संस्तुतियों उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में साइटेंशन की दो प्रतियां वांछित सूचना के साथ विलम्बवत 20 जून, 2026 तक उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा ने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद आजमगढ़ के किन्हीं महानुभाव का नाम प्रस्तावित करना चाहे तो उनके व्यक्त्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में साइटेशन दो प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र में वांछित सूचना विलम्बवत दिनांक 20 जून 2026 के पूर्व उपलब्ध करा दें। पद्म पुरस्कारों हेतु मानदंड अनिवार्य रूप से उत्कृष्ट उपलब्धि /योगदान देने वाले जनपद आजमगढ़ के नागरिक आवेदन इच्छुक या अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस व समयावधि में जिला सूचना कार्यालय कलेक्ट्रेट में संपर्क कर सकते हैं।

### उद्योग विद्यालय इंटर कालेज में नामांकन वृद्धि हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**आजमगढ़।** प्रधानाचार्य डॉ रणधीर सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों के नामांकन में वृद्धि हेतु विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा कोयलसा, ईश्वरपुर पवनी, मोलनाथपुर, देउरपुर आदि ग्रामों के अभिभावकों एवं छात्रों से आज दिनांक 12-05-2026 को जनसंपर्क किया गया, तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, पठन-पाठन एवं अनुशासन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में बलवन्त कुमार श्रीवास्तव, कौशलेंद्र रघुवंशी, डॉ बबीता सिंह, उमा माधवी, अमित कुमार सिंह, रेखा प्रजापति, राकेश यादव, रमेश यादव, अखिलेश कुमार वर्मा, सुनील सोनकर, विमलेश राजभर आदि प्रमुख लोगों के अतिरिक्त एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति का नाम अब 'दृष्टि

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश पर 'जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति' का नाम परिवर्तित कर अब 'दृष्टि कर दिया गया है। यह निर्णय ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के विशेष सचिव द्वारा पत्र जारी किया गया है।

■ **विकास कार्यों की निगरानी समिति अब 'दृष्टि' के नाम से जानी जाएगी**



उन्होंने बताया कि 01 जुलाई 2025 में गठित 'जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति' का नाम बदलकर अब 'दृष्टि (ष्ठक्रढ्ढस्॥ञ्जढ्ढ)' अर्थात District Review & Inspection for Sustainable Tracking & Implementation कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शासन ने सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया है और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही स्पष्ट किया गया है कि शासनादेश दिनांक 01 जुलाई 2025 के अन्य सभी प्रावधान पूर्ववत लागू रहेंगे। साथ ही उन्होंने आवश्यक संशोधन करते हुए 'जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति' के स्थान पर 'दृष्टि (DRISHTI)' पढ़ा जाएगा।

# जिलाधिकारी ने जिला स्वच्छता समिति की बैठक में दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वच्छता समिति की बैठक में पंचायत एवं विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं को वास्तविक रूप से धरातल पर उतारने के लिए सभी खंड विकास अधिकारी एवं पंचायत विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन के लिए जनपद के सभी विकासखंडों को चार क्लस्टरों में विभाजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर के लिए ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे तथा उनके पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर भी एक नोडल अधिकारी तैनात किया जाएगा। क्लस्टरवार नामित अधिकारियों की जिम्मेदारी योजनाओं को सही एवं प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर तक पहुंचाने की होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाए। इसके लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी एवं मनोयोग के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में खर्च की जाने वाली धनराशि का प्राथमिक उपयोग स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा पीएचसी एवं सीएचसी की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाए। साथ ही विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को कायाकल्प योजना के माध्यम से संतृप्त करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने पंचायत विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं जैसे उत्सव भवन, डिजिटल लाइब्रेरी एवं पंचायत भवन निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक उत्सव भवन का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित माननीय विधायकों से समन्वय स्थापित कर जगह चिन्हांकन एवं प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को भ्रमण के दौरान स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत को गोवर्धन योजना सहित ग्राम स्तर पर संचालित अन्य योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को गति देने पर बल दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 वीं के परीक्षा परिणाम में सर्वोदय पब्लिक स्कूल का सम्पूर्ण रिजल्ट उत्कृष्ट व शत प्रतिशत रहा

**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, दिल्ली ने कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है । जिसमें सर्वोदय पब्लिक स्कूल हरबंशपुर, की छात्रा मानविकी वर्ग से अंजली यादव ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 98.6% प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त गणित वर्ग से द्वितीय स्थान फुटी यादव ने 95.4%, मानविकी वर्ग से तृतीय स्थान महक राय 95.2%, चतुर्थ स्थान अंजली सिंह 95%, पंचम स्थान दिव्या तिवारी 94.8%, षट्म स्थान निलय सिंह 94.6%, तथा जीव विज्ञान से पीयूष पाण्डेय 94.6% सप्तम् स्थान पर सिमरन यादव, शिवांगी राय तथा जागृति त्रिपाठी ने 94.2%, अष्ट्म स्थान पर सुधांशु पाण्डेय 93.4%, नवम स्थान पर नवनीत यादव 93.% तथा दशम् स्थान पर ब्यूटी 92.6% प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी क्रम में दिव्या तिवारी, हानिया खान, खुशी गोंड, सिमरन यादव और साक्षी यादव ने चित्रकला विषय में 100 अंक, पवन्या यशस्वी ने भारतीय संगीत में 100 अंक तथा महक राय ने राजनीति विज्ञान में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि सर्वोदय पब्लिक स्कूल सम्पूर्ण रिजल्ट उत्कृष्ट व शत प्रतिशत रहा ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों एवं बच्चों ने कठिन परिश्रम किया जिसका उन्हें उत्कृष्ट परिणाम मिला है। विद्यालय के बच्चों के उत्तम प्रदर्शन पर विद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बच्चों को उनकी उत्कृष्ट सफलता पर हार्दिक बधाई दी, एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि यह परीक्षाफल विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के अथक एवं सतत प्रयास का परिणाम है ।

# डीएम ने की पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा गौआश्रय केंद्रों के समुचित संचालन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन विभाग से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें, जिससे योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से धरातल पर दिखाई दे। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल से ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन संभव हो सकेगा।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने छुट्टा पशुओं का व्यापक आकलन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी न्याय



पंचायतों में कैटल कैचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि छुट्टा पशुओं की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपनी संचालित योजनाओं के प्रत्येक बिंदु का पूर्ण विवरण एवं अद्यतन आंकड़े तैयार रखें तथा पूरी तैयारी के साथ समीक्षा बैठकों में प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकासखंड में बड़े गौआश्रय केंद्र स्थापित किए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए।उन्होंने राजस्व विभाग के तहसील स्तरीय अधिकारियों एवं उप पशु चिकित्सा अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए चारागाह की भूमि का चिन्हांकन कराने तथा वहां पशुओं के लिए चारा उत्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पशुओं में होने वाली बीमारियों के आंकड़े, ईयर टैगिंग एवं दुर्घटना से पशुओं की मृत्यु से संबंधित डाटा नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पशुधन से संबंधित प्रत्येक जानकारी व्यवस्थित रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्रों में भी गौशालाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने उप पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। पशुपालन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नई परियोजनाओं हेतु उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर प्रस्ताव उपजिलाधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए, जिससे आवश्यकतानुसार भूमि उपलब्ध कराई जा सके।ड्डबैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना से जन कल्याण : आजमगढ़ में स्व-गणना रथ अभियान ने पार किया 1 लाख 30 हजार परिवारों का आंकड़ा

**आजमगढ़।** जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान के तहत जनपद आजमगढ़ में 'जनगणना से जन कल्याण' की अवधारणा को साकार करते हुए स्व-गणना रथ निरंतर नई ऊर्जा एवं गति के साथ आगे बढ़ रहा है।

स्व-गणना रथ अभियान ने सातवें दिन तक एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जनपद में 1 लाख 30 हजार से अधिक परिवारों तक अपनी पहुँच बना ली है। केवल सातवें दिन ही लगभग 20 हजार परिवारों द्वारा स्व-गणना की गई, जो नागरिकों की बढ़ती जागरूकता एवं सहभागिता का प्रतीक है। स्व-गणना का यह रथ अपनी सतत एवं तीव्र गति से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता का संदेश पहुंचाते हुए नागरिकों को डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना दर्ज कराने के लिए प्रेरित कर रहा है। अभियान के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे स्व-गणना पोर्टल ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करें तथा राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान का सक्रिय हिस्सा बनें। प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना तथा जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गंभीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में समस्त अधिकारियों के पर्यवेक्षण तथा पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं उत्कृष्ट समन्वय से यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। स्व-गणना अभियान के अंतर्गत जनपद में निरंतर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से थीम आधारित दिवसों का आयोजन, कार्यालयों एवं संस्थानों में जागरूकता गतिविधियाँ, ग्राम एवं वार्ड स्तर तक जनसंपर्क अभियान, डिजिटल सहायता केंद्रों की स्थापना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता के माध्यम से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

अभियान के तहत नागरिकों को यह भी बताया जा रहा है कि स्व-गणना प्रक्रिया सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक है, जिसके माध्यम से लोग घर बैठे अपनी जनगणना स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी होगी, बल्कि भविष्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। प्रशासन द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि स्व-गणना रथ की इस जनभागीदारी यात्रा में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। यह अभियान केवल 21 मई 2026 तक संचालित रहेगा, अतः सभी नागरिक समय रहते स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी अवश्य दर्ज करें और विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एलवल के औचक निरीक्षण में डीएम सख्त

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, एलवल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करते हुए केन्द्रीय औषधि स्टोर रूम, ओपीडी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, योग अभ्यास हाल, शौचालय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी कक्ष में उपस्थित मरीजों का हालचाल जाना तथा चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मौके पर उपस्थित मेडिकल ऑफिसर आयुर्वेदिक डॉ. मोनिका अग्रवाल ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं जनपद में संचालित आयुष संस्थानों की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आयुर्वेद के 49 तथा यूनानी के 11 चिकित्सालय संचालित हैं, जिनमें दवाओं की उपलब्धता केन्द्रीय औषधि स्टोर के माध्यम से

■ **सीलनयुक्त फर्श पर रखी दवाओं पर जताई नाराजगी, 03 दिन में स्टॉक व्यवस्थित करने के निर्देश**

■ **बन्द एवं अक्रियाशील कक्षों को जनहित में शीघ्र संचालित करने के दिए निर्देश**

सुनिश्चित कराई जाती है। केन्द्रीय औषधि स्टोर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि आयुर्वेदिक दवाओं के पाउडर पैकेट सीलनयुक्त फर्श पर रखे होने के कारण प्रभावित हो रहे हैं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए औषधि वितरण प्रभारी को निर्देशित किया कि 03 दिन के भीतर समस्त दवा स्टॉक को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से रखकर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें। साथ ही जिलाधिकारी ने स्टोर में उपलब्ध आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाओं की एक्सपायरी डेट भी जांची, जो सही पाई गई।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर में ताला बंद सभी कक्षों को खुलवाकर निरीक्षण किया। कुछ कक्ष अव्यवस्थित एवं अक्रियाशील पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी कक्षों को सुचारू रूप से संचालित कर जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप चिकित्सालय में आने वाले प्रत्येक मरीज का समुचित देखभाल करते हुए उपलब्ध दवाओं का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा आयुष चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाया जाए।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-गौरीगंज, अमेठी।**

**ई-निविदा सूचना** विoआoसंo 1133 दिनांक 05.05.2026

**निविदा संo एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 14/विoविoमंo (गौo)/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-गौरीगंज के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-गौरीगंज एवं जामों के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को ठीक किये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3,540.00 धरोहर राशि रू0 24,500.00
2. 15/विoविoमंo (गौo)/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-गौरीगंज के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-मुसाफिरखाना के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को ठीक किये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3,540.00 धरोहर राशि रू0 24,500.00
3. 16/विoविoमंo (गौo)/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-तिलोई के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-तिलोई के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को ठीक किये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3,540.00 धरोहर राशि रू0 24,500.00
4. 17/विoविoमंo (गौo)/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-तिलोई के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-जायस के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को ठीक किये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3,540.00 धरोहर राशि रू0 24,500.00
5. 18/विoविoमंo (गौo)/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-जगदीशपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-जगदीशपुर के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को ठीक किये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3,540.00 धरोहर राशि रू0 24,500.00
6. 19/विoविoमंo (गौo)/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-जगदीशपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को ठीक किये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3,540.00 धरोहर राशि रू0 24,500.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 29 मई, 2026, 09:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बड़ी जिम्मेदारी

देश में पेट्रोलियम पदार्थों की खपत कम करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार की जा रही अपील को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसे एक राजनीतिक भाषण नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि ऐसा करना खुद हमारे ही हित में है। यह कोई डराने वाली बात भी नहीं है लेकिन सुखी इंसान-समाज वही होता है जो आने वाली संभावनाओं और आशंकाओं के प्रति सचेत रहे। खुद पीएम ने ही कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया लगातार अस्थिर परिस्थितियों से गुजर रही है। पहले कोविड, फिर वैश्विक आर्थिक चुनौती और अब पश्चिम एशिया में तनाव। इन सभी का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। जैसे हर बूंद से घड़ा भरता है, वैसे ही हर छोटी और बड़ी कोशिश मायने रखती है। उनकी इस बात का गंभीर अर्थ भी है। कोई नहीं जानता कि दुनिया पर तमाम बड़े देशों के नेताओं की कही जाने वाली किसी बात या उठाए जाने वाले किसी कदम का क्या असर पड़ेगा। इसके ताजा उदाहरण के रूप में अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों के कारण मंगलवार को रुपए की सर्वकालिक निचले स्तर पर आ जाना है। ऐसी स्थितियां बिना किसी चेतावनी के कभी भी और अचानक आ सकती हैं जिनसे निपटने के लिए पहले से भरसक पूरी तैयारी रखना बहुत जरूरी है। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इनका असर एक-दो लोगों नहीं बल्कि जनसंख्या के एक काफी बड़े हिस्से पर पड़ता है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने बिना किसी लाग लपेट के कहा है कि पश्चिम एशिया का संकट इस दशक के सबसे गंभीर संकटों में से है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी पर विजय प्राप्त की उसी तरह इस संकट से भी बाहर निकल जाएंगे। संकट से निपटने के लिए देश की तैयारी पूरी होने का संकेत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस घोषणा से मिलता है कि देश में पर्याप्त पेट्रोल डीजल उपलब्ध है और लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इसीलिए स्वदेशी जागरण मंच ने भी पीएम की अपील का गंभीरता से लेते हुए इसे पूरी तरह अमल करने की अपील की है। आर्थिक संरचना का बहु प्रचलित शब्द है रिजर्व यानी जमा। अभी की ईंधन की बचत वास्तव में भविष्य के लिए हमारा रिजर्व ही होगा। इस दृष्टि से भी इसका महत्व और बढ़ जाता है। सरकार ने पूरी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब इस पर अमल करना नागरिकों की बड़ी जिम्मेदारी है।

## बारिश और नाले

बारिश के दिनों में शहरों-कस्बों की जल प्रबंधन व्यवस्था की असलियत उजागर हो जाती है। हल्की बरसात में ही गलियों-मोहल्लों के साथ मुख्य सड़कों पर पानी घंटों तक जमा रहता है। इसकी खास वजह यह है कि जल निकासी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की जाती हैं। नाले-नालियां कूड़े और गाद से इस कदर पटी रहती हैं कि उनसे होकर पानी निकल सकने का सवाल ही नहीं पैदा होता। अगर जरा भी ज्यादा बारिश हो जाए तो गलियों और सड़कों पर इकट्ठा पानी घरों में आ जाता है क्योंकि उसके और किसी तरफ निकालने का इंतजाम ही नहीं होता। यदि सड़क पर कूड़ा या मलबा पड़ा है तो वह पानी बरसने से छितर कर फैल जाता है जिसे गंदगी और बदबू फैलती ही है, कभी-कभी बीमारियों के फैलने की स्थिति भी आ जाती है। यानी जल भराव वाले किसी भी रास्ते को सुरक्षित नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति में दफ्तर आने-जाने वालों, स्कूली बच्चों, घर के लिए खरीदारी करने के लिए निकलने वाली महिलाओं, अस्पताल जाने के लिए गर्भवती स्त्रियों एवं वृद्धजनों के लिए घर से निकलना बहुत मुश्किल भरा होता है। वाहन चालकों के लिए भी अच्छी-खासी मुसीबत रहती है। खराब रखरखाव के कारण सड़कों पर हो जाने वाले गड्ढे पानी के जमाव की वजह से दिखाई नहीं देते। नतीजा यह की कई बार इसमें वाहन फंस जाते हैं कभी-कभी तो क्षतिग्रस्त भी हो जाते हैं। वाहन सवार भी चोटिल होते हैं। इन सबसे छुटकारा दिलाने का एक उपाय यही है कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही नाले-नालियों की सफाई कराई जाए ताकि कूड़े करकट एवं मलबे के कारण वे अवरुद्ध न हों। लेकिन ऐसा उन्हीं क्षेत्र में होता है जो किसी ने किसी दृष्टि से महत्वपूर्ण हों जिसमें वीआईपी लोगों का वहां रहना और आना-जाना शामिल है। बाकी जगहों पर केवल दिखाने के लिए काम होता है जिसका नतीजा पहली बारिश में ही सामने आ जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार यूपी की राजधानी लखनऊ में छोटे-बड़े 1301 नाले हैं जिनकी कुल लंबाई 962 किलोमीटर है। क्या इन वालों की सफाई बरसात से पहले हो पाएगी?

## काँव-काँव

◆◆◆

**नीट परीक्षा रद्द, सीबीआई को सौंपी गयी जांच**
बिल्कुल सही,घर का मामला घर में ही रहेगा!

**आर्थिक फैसलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी**
भारतीय पति समाज इसका भुक्तभोगी रहा है!

**शुभेंदु के पीए मर्डर की जांच सीबीआई के हवाले**
पिंजरे का तोता हमेशा रटा रटाया ही बोलता है!

**एक सप्ताह पहले आ सकता है देश में मानसून**
लखनऊ की गलियों में नावें जल्दी चलेंगी!

**तमिलनाडु में धर्मस्थलों के पास शराब दुकानें बंद**
लखनऊ में मंदिर के पास शराबखाने मौजूद!

**अप्रैल माह में खुदरा महंगाई बढ़ने के नये आंकड़े**
क्या परवाह, यूपी में चुनाव अगले साल होने हैं?

◆◆◆

# परीक्षा नहीं, भविष्य लीक हुआ है

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएँ अब केवल करियर का माध्यम नहीं रह गई हैं; वे करोड़ों परिवारों की आकांक्षाओं, सामाजिक गतिशीलता और आर्थिक भविष्य का केंद्र बन चुकी हैं। यही कारण है कि जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 को कथित पेपर लीक और 'क्वेश्चन बैंक'



**- अवनीश कुमार गुप्ता**

विवाद के बाद रद्द किया गया, तो यह केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं था। यह उस भरोसे पर आघात था, जिसके आधार पर लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं और परिवार अपनी जमा-पूंजी दांव पर लगाते हैं। देशभर से लगभग 24 लाख छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। मेडिकल शिक्षा की सीमित सीटों और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बीच यह परीक्षा देश की सबसे कठिन और निर्णायक परीक्षाओं में मानी जाती है। लेकिन परीक्षा के कुछ ही दिनों बाद राजस्थान, उत्तराखंड और अन्य राज्यों से सामने आई रिपोर्टों ने पूरे तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया। जांच एजेंसियों के अनुसार परीक्षा से पहले एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' छात्रों तक पहुंचा, जिसमें मौजूद बड़ी संख्या में प्रश्न वास्तविक परीक्षा से मेल खाते पाए गए। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह की जांच में सामने आया कि सीकर, जयपुर और झुंझुनूं जैसे कोचिंग केंद्रों में परीक्षा से पहले प्रश्न सामग्री प्रसारित हुई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह सामग्री व्हाट्सऐप और अन्य एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई छात्रों तक पहुंची। कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया कि कथित प्रश्न बैंक में 300 से अधिक प्रश्न थे, जिनमें से लगभग 150 प्रश्न हूबहू परीक्षा में दिखाई दिए। यदि यह तथ्य पूरी तरह सिद्ध होता है, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संगठित परीक्षा अपराध की श्रेणी में आता है। इस पूरे प्रकरण का सबसे चिंताजनक पक्ष यह नहीं कि पेपर लीक हुआ या नहीं; बल्कि यह है कि अब छात्रों और अभिभावकों का एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल मेहनत पर्याप्त नहीं रह गई। यही भावना किसी भी लोकतांत्रिक शिक्षा व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा संकट है। भारत में मेडिकल सीटों की स्थिति अत्यंत असंतुलित है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश में एमबीबीएस की कुल सीटें लगभग 1.20 लाख के आसपास हैं, जबकि परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या 24 लाख तक पहुंच चुकी है। इसका सीधा अर्थ है कि हर 20 छात्रों में केवल 1 छात्र को मेडिकल सीट मिल पाती है। यह अनुपात न केवल प्रतियोगिता को असामान्य रूप से कठोर बनाता है, बल्कि मानसिक दबाव को भी कई गुना बढ़ा देता है। कोटा, सीकर, पटना, दिल्ली और हैदराबाद जैसे कोचिंग केंद्र अब केवल शिक्षा के स्थल नहीं, बल्कि एक समानांतर परीक्षा अर्थव्यवस्था में बदल चुके हैं। एक छात्र की वार्षिक तैयारी लागत औसतन 2 लाख से 5 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। इसमें कोचिंग फीस, हॉस्टल, भोजन, टेस्ट सीरीज, किताबें और डिजिटल सब्सक्रिप्शन शामिल हैं। लाखों परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा इस उम्मीद में निवेश करते हैं कि परीक्षा प्रणाली निष्पक्ष होगी। लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है, तब केवल परीक्षा केंद्र नहीं टूटता – पूरा पारिवारिक संतुलन हिल जाता है।

कई छात्रों ने सोशल मीडिया मंचों पर लिखा कि वे दोबारा उसी मानसिक स्थिति में तैयारी नहीं कर पाएंगे। कुछ ने वर्षों की मेहनत को 'अनिश्चित व्यवस्था का शिकार' बताया। यह प्रतिक्रिया केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि उस मनोवैज्ञानिक थकान का संकेत है जो आज के प्रतियोगी युवा समाज की वास्तविकता बन चुकी है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि आज का युवा केवल परीक्षा नहीं दे रहा, बल्कि वह लगातार तुलना, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाव के बीच जी रहा है। एक ओर परिवार की उम्मीदें हैं, दूसरी ओर लगातार बढ़ती फीस, सीमित अवसर और अस्थिर रोजगार बाजार। ऐसे समय में यदि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगें, तो उसका प्रभाव केवल रिजल्ट तक सीमित नहीं रहता; वह युवाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक भरोसे को भी प्रभावित करता है। नीट विवाद कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। कभी तकनीकी गड़बड़ी, कभी सर्वर फेल, कभी पेपर लीक और कभी मूल्यांकन विवाद – इन घटनाओं ने परीक्षा एजेंसियों की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की स्थापना इसी उद्देश्य से की गई थी कि देश में एक पारदर्शी, आधुनिक और तकनीकी रूप से सुरक्षित परीक्षा प्रणाली विकसित हो सके। लेकिन आज वही संस्था लगातार विवादों के केंद्र में दिखाई दे रही है। यह केवल प्रशासनिक चुनौती नहीं, बल्कि संस्थागत जवाबदेही का प्रश्न है। परीक्षा प्रणाली केवल तकनीक से सुरक्षित नहीं होती। किसी भी परीक्षा की विश्वसनीयता पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्रवाई पर आधारित होती है। यदि इन तीनों में कमी आए, तो तकनीकी सुरक्षा भी पर्याप्त नहीं रह जाती। नीट 2026 विवाद ने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल युग में परीक्षा अपराधों का स्वरूप बदल चुका है। पहले प्रश्नपत्र फोटोकॉपी और कागजों के माध्यम से लीक होते थे; अब एन्क्रिप्टेड ऐप, निजी चैनल, क्लाउड शेयरिंग और 'फॉरवर्डेड मेनी टाइम्स' जैसे डिजिटल संकेत पूरे नेटवर्क का हिस्सा बन चुके हैं। यानी परीक्षा सुरक्षा अब केवल परीक्षा केंद्र तक सीमित नहीं रह सकती। इस पूरे विवाद की सबसे गहरी परत सामाजिक असमानता से जुड़ी हुई है। भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं लंबे समय तक सामाजिक गतिशीलता का माध्यम रही हैं। गांवों और छोटे शहरों के लाखों छात्रों के लिए यह अवसर था कि वे सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन की दिशा बदल सकें। लेकिन जब परीक्षा प्रक्रिया पर संदेह बढ़ने लगे, तब यह विश्वास कमजोर होता है कि 'मेहनत से सफलता संभव है।' एक ओर वे छात्र हैं जो लाइब्रेरी, किराये के कमरों और सीमित संसाधनों के बीच तैयारी करते हैं। दूसरी ओर कुछ ऐसे नेटवर्क दिखाई देते हैं जिनके पास तकनीकी पहुंच, प्रभाव और गोपनीय सूचना पहले से उपलब्ध रहती है। यही वह बिंदु है जहां प्रतियोगिता धीरे-धीरे समान अवसर से हटकर 'संपर्क आधारित लाभ' में बदलने लगती है। यदि यह धारणा युवाओं के मन में स्थायी रूप से बैठ जाती है, तो उसका प्रभाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास को भी कमजोर करेगा। परीक्षा रद्द होने का आर्थिक प्रभाव भी अत्यंत गंभीर है। लाखों छात्रों को पुनः यात्रा, आवास, अध्ययन सामग्री और मानसिक तैयारी की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जिन परिवारों ने पहले ही भारी खर्च किया है, उनके लिए यह दोहरी मार जैसी स्थिति है। यदि औसतन प्रत्येक छात्र की तैयारी और परीक्षा से संबंधित लागत 3 लाख रुपये मानी जाए, तो 24 लाख छात्रों पर यह राशि लगभग 72 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचती है। यह केवल एक अनुमानित गणना है, लेकिन इससे स्पष्ट होता है कि प्रतियोगी परीक्षाएं आज एक विशाल आर्थिक ढांचे में बदल चुकी हैं। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है, लेकिन यही युवा वर्ग आज सबसे अधिक असुरक्षित और बेचैन दिखाई देता है। रोजगार की सीमित संभावनाएं, बढ़ती प्रतियोगिता, परीक्षा विवाद और आर्थिक दबाव – ये सभी मिलकर एक गहरी सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। युवाओं की नाराजगी केवल किसी एक परीक्षा को लेकर नहीं है; यह उस भावना से जुड़ी है कि व्यवस्था उनकी मेहनत के अनुरूप भरोसेमंद नहीं रह गई। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर केवल विरोध नहीं, बल्कि व्यंग्य, निराशा और अविश्वास का स्वर भी तेज होता जा रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह अत्यंत गंभीर संकेत माना जाता है। क्योंकि किसी भी राष्ट्र की स्थिरता केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि उसकी युवा पीढ़ी के भरोसे से तय होती है। सरकार ने मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंप दी है और पुनर्परीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लेकिन प्रश्न केवल दोषियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### दशम् अध्याय

(गतांक से आगे

अक्षराणामकारोऽस्मि द्वन्द्वः सामासिकस्य च। अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः ।। 33।।

मैं अक्षरों में अकार-ओंकार तथा समासों में द्वन्द्व नामक समास हूँ। (साधना की उन्नत अवस्था में मन सिमटते-सिमटते केवल साधक और इष्ट आमने-सामने रह जाते हैं, शेष कोई संकल्प नहीं रह जाता, स्वामी सेवक में संघर्ष है; किन्तु द्वन्द्व की यह अवस्था भगवान की देन है।) अक्षयकाल मैं हूँ। काल सदैव परिवर्तनशील है; किन्तु वह समय जो अक्षय, अजर, अमर परमात्मा में प्रवेश दिलाता है, वह अवस्था मैं हूँ। विराट् स्वरूप अर्थात् सर्वत्र व्याप्त, सबको धारण-पोषण करनेवाला भी मैं ही हूँ।

मृत्युः सर्वहरश्चाहमुद्भवश्च भविष्यताम्। कीर्तिः श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा ।। 34।।

मैं सबका नाश करनेवाला मृत्यु और आगे होनेवालों की उत्पत्ति का कारण हूँ। स्त्रियों में मैं यश, शक्ति, वाकपटुता, स्मृति, मेधा अर्थात् बुद्धि, धैर्य और क्षमा हूँ।

योगेश्वर श्रीकृष्ण के अनुसार, 'द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।' (अध्याय 15/16) पुरुष दो ही प्रकार के होते हैं, क्षर और अक्षर। सम्पूर्ण भूतादिकों की उत्पत्ति और विनाशवाले ये शरीर क्षर पुरुष हैं। ये नर मादा, पुरुष अथवा स्त्री कुछ भी कहलाएँ, श्रीकृष्ण के शब्दों में पुरुष ही हैं। दूसरा है अक्षर पुरुष, जो कूटस्थ चित्त के स्थिर काल में देखने में आता है। यही कारण है कि इस योगपथ में स्त्री-पुरुष सभी समान स्थिति के महापुरुष होते आये हैं। किन्तु यहाँ स्मृति, शक्ति, बुद्धि इत्यादि स्त्रियों के ही गुण बताये गये। क्या इन सद्गुणों की आवश्यकता पुरुषों के लिये नहीं है? कौन ऐसा पुरुष है जो श्रीमान्, कीर्तिमान, वक्ता, स्मरणशक्तिसम्पन्न, मेधावी, धैर्यवान् और क्षमावान् नहीं बनना चाहता? क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः।**
**सागरा: भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः।।**

प्रलय आने पर सागर का जल अपने तटबन्धों को तोड़कर सारी धरती को जलमय कर देता है। इससे सिद्ध होता है कि मर्यादा का रक्षक माना जाने वाला सागर भी प्रलय काल आने पर अपनी मर्यादा की रक्षा नहीं कर पाता, परन्तु साधु व्यक्ति संकट उपस्थित होने पर भी अपनी मर्यादा का परित्याग नहीं करते। इसीलिए साधु व्यक्ति सागर से भी महान् होते हैं।

◆◆◆

# 'विद्या मंदिरों' में लगते ताले

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर



**–निर्मल रानी**

दी गयी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को ज़िम्मेदार मानते हुये परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं। इसके लिए ज़िम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक़्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाये उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस ख़बर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की 'विद्या' यहाँ के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गयी है। एक तरफ़ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं,उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ़ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकतायें भी कुछ और ही नज़र आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म, अध्यात्म, कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहाँ सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फ़ंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन ÷धर्मों के बारे में शिक्षा÷ की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण दौर से गुज़र रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नक़ली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित, इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिये संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी.फ़िल. की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गाँधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी,जयंत सिन्हा,रतन



टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नज़रों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहाँ की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि ÷एक तरफ़ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ़ एक ग़रीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत (Hard work) से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है÷। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए 'हार्वर्ड' की नहीं, 'हार्ड वर्क' की ज़रूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार 'हार्वर्ड' वालों से ज़्यादा दम 'हार्ड वर्क' वालों में है। ज़रा सोचिये कि क्या पढ़ाई करना 'हार्ड वर्क' की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिये दिन रात एक किये रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज़ 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है? निश्चित रूप से शिक्षा के प्रति शीर्ष सत्ता के इसी मनोभाव की वजह से ही आज देश के विद्या मंदिरों पर घोर संकट छाया हुआ है। विगत 10 वर्षों के दौरान भारत में लगभग एक लाख सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। यह कुल सरकारी स्कूलों में लगभग 8 प्रतिशत की कमी है। आज दुर्भाग्यवश देश में सरकारी स्कूल्स की संख्या बढ़ने के बजाये 11.07 लाख से घटकर क़रीब 10.17 लाख हो गयी है। जबकि शुद्ध व्यवसायिक मॉडल वाले मंहगे निजी स्कूलों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। ग़ौरतलब है कि देश के सरकारी स्कूल्स में प्रायः साधारण परिवारों या ग़रीबों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं जिनमें अधिकांश संख्या एस सी ,एस टी,ओ बी सी व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की होती है। इनमें ज़्यादातर बच्चे किसानों,कामगारों व मेहनतकश मज़दूरों के होते हैं जो वास्तव में शिक्षा के हक़दार भी हैं और शिक्षा उनके भविष्य व जीविकोपार्जन के लिये बेहद ज़रूरी भी है। परन्तु सरकार की विद्या व विद्यालय विरोधी नीतियों के चलते देश में अब तक लगभग 65 लाख बच्चे स्कूल जाना छोड़ चुके हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### बरगद का पेड़

किसी गांव में बरगद का एक पेड़ बहुत वर्षों से खड़ा था। गांव के सभी लोग उसकी छाया में बैठते थे, गांव की महिलाएं त्यौहारों पर उस वृक्ष की पूजा किया करती थीं। ऐसे ही समय बीतता गया।

और कई वर्षों बाद वृक्ष सूखने लगा। उसकी शाखाएं टूटकर गिरने लगीं और उसकी जड़ें भी अब कमजोर हो चुकी थीं। गांव वालों ने विचार किया कि अब इस पेड़ को काट दिया जाये और इसकी लकड़ियों से गृहविहीन लोगों के लिए झोपड़ियों का निर्माण किया जाये। गांव वालों को आरी-कुल्हाड़ी लाते देख, बरगद के पास खड़ा एक वृक्ष बोला- दादा! आपको इन लोगों की प्रवृत्ति पर जरा भी क्रोध नहीं आता, ये कैसे स्वार्थी लोग हैं, जब इन्हें आपकी आवश्यकता थी तब ये आपकी पूजा किया करते थे, लेकिन आज आपको टूटते हुए देखकर काटने चले हैं।

**गांव वालों को आरी-कुल्हाड़ी लाते देख, बरगद के पास खड़ा एक वृक्ष बोला- दादा! आपको इन लोगों की प्रवृत्ति पर जरा भी क्रोध नहीं आता, ये कैसे स्वार्थी लोग हैं, जब इन्हें आपकी आवश्यकता थी तब ये आपकी पूजा किया करते थे, लेकिन आज आपको टूटते हुए देखकर काटने चले हैं।**

बूढ़े बरगद ने जवाब दिया- नहीं बेटे! मैं तो यह सोचकर बहुत प्रसन्न हूँ कि मरने के बाद भी मैं आज किसी के काम आ सकूंगा। असल बात यह है कि परोपकारी व्यक्ति सदा दूसरों के प्रति करुणा का भाव रखते हैं और उनकी खुशी और उनके सुख में अपना सुख समझते हैं।

## आपका पत्र मिला

### बंगाल में अब संवैधानिक मूल्य सर्वोपरि हों

पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, तुष्टिकरण और प्रशासनिक शिथिलता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ममता बनर्जी के लगभग पंद्रह वर्षों के शासनकाल में अनेक ऐसी घटनाएं सामने आईं, जिन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाए। चुनावी हिंसा, विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं पर हमले, अवैध घुसपैठ, सांप्रदायिक तनाव और प्रशासनिक पक्षपात जैसे मुद्दों ने बंगाल की छवि को लगातार प्रभावित किया। सोशल मीडिया और राजनीतिक चर्चाओं में यह धारणा मजबूत होती गई कि बंगाल में लोकतंत्र की जगह भय और दबाव की राजनीति हावी हो रही है। कई क्षेत्रों में मतदाताओं पर दबाव डालने, बूथ कब्जाने और विरोधी विचार रखने वालों को धमकाने के आरोप लगते रहे। चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं इतनी सामान्य हो गई थीं कि आम नागरिक अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने में भी भय महसूस करने लगे थे। कई राजनीतिक विश्लेषकों ने इसकी तुलना उन परिस्थितियों से की, जहां लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। बंगाल में अवैध घुसपैठ का मुद्दा भी लंबे समय से राष्ट्रीय बहस का विषय रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या संतुलन बदलने और कट्टरपंथी तत्वों की सक्रियता को लेकर विपक्ष लगातार राज्य सरकार को घेरता रहा। वहीं सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की सक्रियता और चुनावी प्रक्रियाओं पर सख्त निगरानी ने भी प्रशासनिक दबाव को सीमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट किया कि यदि संवैधानिक संस्थाएं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें तो लोकतंत्र को भय और हिंसा से मुक्त कराया जा सकता है। बंगाल की जनता अब केवल राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि सुरक्षा, निष्पक्ष प्रशासन और विकास से जुड़ी वास्तविक अपेक्षाएं रखती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# गर्मी में सफेद कपड़े पहनना स्टाइल है या स्ट्रगल?



गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग पसीने और घमौरियों से परेशान रहते हैं। ऐसे में डॉक्टर उन्हें पहनावे में बदलाव करने की सलाह देते हैं। स्किन विशेषज्ञ लोगों को हल्के रंग के कपड़े पहनने सलाह देते हैं। सफेद कपड़े न सिर्फ आंखों को ठंडक पहुंचाते हैं, बल्कि ये देखने में भी अच्छे लगते हैं। यही वजह है कि गर्मी में पुरुषों से लेकर महिलाएं भी सफेद रंग के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। यदि आप भी अपने लिए सफेद रंग के कपड़े खरीदने का सोच रहे हैं तो पहले इस लेख को पढ़ें। हम यहां आपको सफेद कपड़े पहनने के फायदे और नुकसान दोनों के बारे में जानकारी देंगे।

**कम लगती है गर्मी**

यदि आप इस भीषण गर्मी में सफेद रंग के आउटफिट पहनते हैं तो इससे आपको गर्मी कम लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद रंग सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट करता है, जिससे इन किरणों का सीधा असर स्किन पर नहीं पड़ता है। ऐसे में यदि आपको ज्यादा गर्मी लगती है तो सफेद कपड़ों को अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**त्वचा को देता है आराम**

यदि आप सफेद रंग का आउटफिट कैरी करते हैं तो इससे आपकी स्किन को काफी लाभ मिलेगा। यदि आपको घमौरियां हैं, स्किन पर खुजली है या फिर ज्यादा पसीना आता है तो सफेद रंग का आउटफिट पहनना सही विकल्प है। इससे उनकी त्वचा को काफी राहत मिलेगी। जब त्वचा सांस लेती है तो उसपर घमौरियों जैसी दिक्कतें नहीं होती।

**यूवी किरणों से मिलती है राहत**

यदि आप सफेद रंग के कपड़े नियमित रूप से इस गर्मी में पहनते हैं तो ये आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचा कर रखती है। हल्के रंग त्वचा पर डूं किरणों का सीधा असर कम करते हैं, हालांकि यह 100त्न सुरक्षा नहीं देता, लेकिन फिर भी ये आपको राहत पहुंचाएगा।

**पसीने के दाग कम दिखते हैं**

अगर हम गर्मी में डार्क रंग के कपड़े पहनते हैं तो पसीने के दाग कपड़ों पर साफ-साफ दिखते हैं, जबकि सफेद कपड़ों पर हल्के पसीने के निशान भी उतने स्पष्ट नहीं दिखते। इसलिए ये उन लोगों के लिए काफी अच्छा है, जिन्हें पसीना काफी आता है।

**अब जान लें इसके नुकसान**

सफेद कपड़ों का सबसे बड़ा नुकसान ये ही है कि इसमें दाग काफी जल्दी लग जाता है। तो यदि आप अपने दफ्तर या किसी अन्य जगह पर सफेद कपड़े पहनकर जा रहे हैं तो खास ध्यान रखें कि उसपर कुछ निशान न लगे, वरना ये देखने में अजीब लगेगा। इसके साथ-साथ कुछ सफेद कपड़े पतले होते हैं, जिससे वे पारदर्शी लग सकते हैं और आपको इनरवियर का ध्यान खास तौर पर रखना पड़ता है।

# सिंपल लुक में भी जान डाल देगी ये सिल्वर ज्वेलरी



गर्मियां आते ही हम ऐसी चीजों की तलाश करने लगते हैं जो कम्फर्टेबल होने के साथ स्टाइलिश भी हों। इस मौसम में लाइटवेट चीजें जैसे कि हल्के-फुल्के सूट, सिंपल ज्वेलरी जैसी चीजें पहनने का मन करता है।

ऐसे में अगर आप भी सिंपल लुक में थोड़ा स्टाइल तड़का लगाना चाहती हैं तो आप कुर्ती या ड्रेस के साथ सिल्वर मिनिमल ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं।

हल्की तो होती ही है साथ ही बेहद खूबसूरत भी होती है। चलिए इसी के साथ आज हम आपको बताएंगे ट्रेंडी सिल्वर ज्वेलरी को स्टाइल करने के कुछ टिप्स।

**बोहो स्टाइल :** ज्यादातर कॉलेज जाने वाली लड़कियों को बोहो स्टाइल फैशन पसंद होता है। सिंपल कुर्ती के साथ ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी आपकी लुक में और निखार ला सकती है। इसमें झुमके, अंगूठियां, नोज पिन, सिल्वर नेकलेस जैसे कई चीजें शामिल हैं।

**कुर्ती के साथ कंगन :** सिल्वर ज्वेलरी में इयररिंग्स और चोकर के अलावा चूड़ियों और कंगन का भी बेहद चलन है। इसे ऑफिस और कॉलेज में किसी भी ड्रेस के साथ पहने जा सकते हैं।

कुछ हटकर दिखना चाहती हैं तो 2 से 3 अलग-अलग डिजाइन का सेट बनाकर भी हाथों में पहन सकती हैं। सिंपल कुर्ती के साथ इस तरह की एक्सेसरीज हाइलाइट होकर नजर आएंगी।

**हैवी सिल्वर इयररिंग्स :** अगर आप प्रिंटेड कुर्ती पहन रही हैं तो केवल हैवी सिल्वर इयररिंग्स के साथ लुक को एक्सेसराइज कर सकती हैं। इयररिंग्स के साथ चाहे तो आप उंगलियों में रिंग भी पहन सकती हैं। आजकल थोड़े दबे हुए रिंग डिजाइंस काफी पसंद किए जा रहे हैं।

**डीप नेक के साथ चोकर :** अगर आउटफिट की नेकलाइन डीप है तो चोकर सेट इसके साथ खूब फबेगा। सिल्वर चोकर मार्कीट में आपको कीफायती दाम में बहुत आसानी से मिल जाएगा।

**लॉन्ग चैन नेकपीस :** लॉन्ग चैन नेकपीस की खास बात यह है कि ये रोज पहने जाने वाले गोल्ड चेन से कुछ हटकर लगते हैं और यह हर ड्रेस के साथ मैच कर जाते हैं। एलीगेंट लुक पाने के लिए साथ में छोटे साइज की झुमकी भी पहन सकती हैं।

**ऐसी ड्रेस के साथ न पहने सिल्वर ज्वेलरी :** अगर आपकी कुर्ती में गोल्डन वर्क है जो उसके साथ सिल्वर ज्वेलरी बिल्कुल भी पेयर न करें, इससे आपकी ज्वेलरी की खूबसूरती उतनी निखार कर नहीं आएगी।

# गर्मियों में दिखना है स्टाइलिश तो इन ऑउटफिट्स को करें शमिल







गर्मियों में कर्टेबले होने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। दरअसल, गलत कपड़ों का चुनाव हमें नुकसान तो पहुंचाता ही है लेकिन साथ में ये पुरे लुक को भी काफी खराब कर देता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ट्रेंडी और स्टाइलिश ऑप्शन आपको बताएंगे जिससे आप बेहद खूबसूरत दिखेंगी। तो चलिए जानते हैं अब उन्हीं ऑउटफिट्स के बारे में -

**ट्यूब स्कर्ट को पहने :** ट्यूब स्कर्ट भी गर्मियों में पहना जाने वाला और आपके लुक को और भी स्टाइलिश बनाने वाला एक क्लासी ऑउटफिट है, इसको पहनने के लिए आप इसके साथ ट्यूनिक टॉप का इस्तेमाल करें, इसके कारण आपको यदि आपका वजन ज्यादा है तो कम लगने में भी मदद मिलेगी, और साथ ही समर में आपको हॉट और सबसे अलग लगने में भी मदद मिलेगी।

**फ्लोरल प्रिंट के कपड़ो का करें चुनाव :** गर्मी के लिए हलके रंग में फ्लोरल प्रिंट्स के कपडे आपको स्टाइलिश लुक देने में मदद करते है, मोटे फैब्रिक और बड़े-बड़े प्रिंट वाले कपड़ो को आप गर्मी के मौसम में जितना एवॉयड करेंगे उतना आपके लिए अच्छा रहता है, और खास कर उन महिलाओ के लिए जिनका वजन ज्यादा होता है, क्योंकि इस तरह के कपड़ो में वो और मोटे लगने लगते है।

**शॉर्ट ड्रेस के साथ करें हाई हील्स के इस्तेमाल :** गर्मियों में अपनी लुक को स्टाइलिश और खास बनाने के लिए आपको, शार्ट ड्रेस का चुनाव करना चाहिए, जो की आपके घुटनों से थोड़ा ऊपर हो, और उसके साथ आप हाई हील्स पहने, यकीनन आपकी खूबसूरती बढ़ जाएगी, और आपकी लुक को और भी बेहतर होने में मदद मिलती है, साथ ही यदि आप ऑफिस में भी काम करती है।

**प्लाजो, कूलॉट्स को पहने :** गर्मियों में यदि आपको कही जाना पढ़ें, तो टाइट जीन्स या जैगिंग में आप आरामदायक महसूस नहीं कतई है, क्योंकि वो आपकी स्किन के साथ एक दम चिपका हुआ होता है, तो इसके इलाज़ के लिए आपको पैंट्स की जगह प्लाजो, कूलॉट्स आदि पहनने चाहिए, इसमे आपको आराम भी महसूस होता है।

**लॉन्ग स्कर्ट पहने :** कई लड़कियां शॉर्ट्स नहीं पहनती है, तो उनके लिए लॉन्ग स्कर्ट पहनने से एक अच्छा और बेहतर लुक मिलने में मदद मिलती है, इसके लिए आप लॉन्ग स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप पहन सकती है, साथ ही इसके साथ अपने गले में एक हलके रंग का स्कार्फ भी ले सकती है इसके कारण आपको एक बेहतर गर्मियों के लिए लुक बनाने में मदद मिलेगी, और इसके साथ ज्यादा टाइट टॉप का चुनाव न करें।

# परफेक्ट समर मेकअप के लिए पहले करें ये काम



गर्मियों में मेकअप को टिकाए रखना एक बेहद मुश्किल कामों में से एक है। क्योंकि पसीना आने की वजह से हमारा सारा मेकअप उतर जाता है। ऐसे में सेटिंग स्प्रे भी किसी काम में नहीं आती हैं और साथ ही चहेरे के दाग धब्बे दिखने लगते हैं। अगर आप भी इस चाहते हैं की आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिके तो आपको पहले ये 5 काम करने की जरूरत है जो आपको बेहद खूबसूरत दिखाने में भी मदद करेंगे। चलिए अब जानेत हैं उन्हीं कामों के बारे में विस्तार से-

**ठंडे पानी से चेहरा धोएं :** मेकअप करने से पहले चेहरे को ठंडे पानी से जरूर धोलें। क्यूंकि पानी हमारी स्किन से उन ऑयल्स को हटा देता है, जो ब्रेकआउट का कारण बन सकते हैं। जिससे आपकी त्वचा ये ऑयल्स को प्रोड्यूस करने के लिए ट्रिगर होती है।

**वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तमाल :** वॉटरप्रूफ मेकअप का ही इस्तमाल करें क्योकि ऐसा करने से आपको अगर पसीना आता भी है तो आपका मेकअप बिल्कुल उतरेगा नहीं। **फाउंडेशन का इस्तेमाल कम करें :** फाउंडेशन का इस्तमाल ज्यादा नहीं करे। पसीने आने से चहेरे के दाग साफ़ साफ़ नज़र आने लगेंगे।

**ऑयल फ्री मेकअप :** ऑयल फ्री मेकउप का उपयोग करे। ये आपके चेहरे को गर्मी में ऑयली नहीं होनें देंगे।

**टेलकम पाउडर :** टेलकम पाउडर का उपयोग जरूर करें क्योंकि यह चेहरे पर पसिना नहीं आने देता। ऐसे में आप गर्मी में आसानी से बाहर जा सकते हैं।

**लिपस्टिक लगाने से पहले :** होठो पर लिपस्टिक लगाने से पहले बर्फ की एक क्यूब को होठो पर 5 मिनट के लिए फेरे। इससे लिपस्टिक का रंग जल्दी छूटेगा भी नहीं और लिपस्टिक फैलेगी भी नहीं।

# रोज फेस पर करें इस तेल की मालिश मिलेंगे कई फायदे



स्किन केयर के लिए कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल आज से नहीं बल्कि, सालों से चला आ रहा है। इसका इस्तेमाल कई कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स में भी किया जाता है। कैस्टर के बीजों से निकलने वाले इस तेल में फ्लेवेनॉइड्स, फीनॉलिक एसिड और कई प्रकार के एमीनो एसिड पाए जाते हैं, जो स्किन के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसलिए इसे अपनी स्किन केयर का हिस्सा बनाना आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। आइए जानते हैं कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल स्किन के लिए कैसे फायदेमंद हो सकता है।

**दाग-धब्बों को कम करता है :** कैस्टर ऑयल को डार्क स्पॉट्स, स्ट्रेच मार्क्स या चोट के निशान पर लगाने से उसके दाग कम होने लगते हैं। इसके लिए आपको कैस्टर ऑयल की कुछ बूंदों से उस जगह पर मसाज करना है। इससे आपकी स्किन को काफी फायदा मिलता है। ये स्किन को मॉइस्चराइज करते हैं, जिससे स्किन को मॉइस्चर मिलता है और निशान कम होते हैं।

**एक्ने ठीक करता है :** कैस्टर ऑयल लगाने से एक्ने की सूजन कम करने और उसे जल्दी ठीक करने में मदद मिलती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फैटी एसिड्स होते हैं, जो एक्ने को जल्दी ठीक करते हैं। ये त्वचा के पोर्स को क्लॉग नहीं करते और एक्ने के निशान भी कम करने में मदद करते हैं।

**फाइन लाइन्स को कम करता है :** कैस्टर ऑयल फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। इसमें गुड फैट्स होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स फ्री रेडिकल डैमेज को कम करते हैं, जिससे प्रीमेच्योर एजिंग नहीं होती।

**डीप मॉइस्चराइज करता है :** इसमें मौजूद फैटी एसिड्स स्किन को भीतर से नमी देते हैं। इसलिए कैस्टर ऑयल लगाने से स्किन पलंप और ग्लोइंग नजर आती है। इसके लिए रात को सोने से पहले इसकी 1-2 बूंदें चेहरे पर मसाज करें और सुबह पानी से धो लें।

**कोहनी और घुटनों की त्वचा नरम रहती है :** कैस्टर ऑयल की मदद से कोहनी और घुटनो की रूखी त्वचा को नरम बनाने में मदद मिलती है। इससे वहां की स्किन मुलायम बनती है।

**होंठ मुलायम रहते हैं :** कैस्टर ऑयल लगाने से होठों को नमी मिलती है। इससे होंठ फटने की समस्या कम होती है और ज्यादा सर्दी या गर्मी से होठों को बचाने में मदद भी मिलती है।

**डीप क्लीनिंग में मदद करता है :** कैस्टर ऑयल की मदद से स्किन के पोर्स साफ होते हैं। ये पोर्स में इकट्ठा डेड स्किन सेल्स, धूल-मिट्टी और मेकअप को साफ करने में मदद करता है। इसलिए इसे मेकअप रिमूवर की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# इन गलतियों से हो सकती है झाइयों की समस्या

सबसे पहले यह जानने की जरूरत है कि झाइयां हैं क्या? दरअसल त्वचा की कोशिकाएं, धूप से बचे रहने के लिए मेलानिन पैदा करती हैं। गर्मी और धूप में बिना प्रोटेक्शन निकलने से चेहरे पर छोटे, चपटे, लाल, गहरे या हल्के भूरे रंग के धब्बे दिखाई देने लगते हैं। जो धीरे-धीरे झाइयों का रूप ले लेते हैं। गर्मियों में यह परेशानी ज्यादा देखने को मिलती है। वैसे शरीर में विटामिन ए, बी12, विटामिन सी और ई की कमी होने पर भी झाइयों की परेशानी हो सकती है। विटामिन्स की कमी से मुंहासे, झाइयों, ड्राईनेस के साथ होंठ फटने की भी समस्या परेशान कर सकती है। झाइयों से ऐसे बचें : धूप में बिना सनस्क्रीन लगाएं न निकलें। सुबह 11 से 3 बजे की धूप सबसे खतरनाक होती है, जो झाइयों की समस्या को और बढ़ा सकती है। पिगमेंटेशन से बचने के लिए एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर चीजों को खानपान में शामिल करें। यह त्वचा को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं। जामुन, संतरा, मौसंबी, नींबू, पालक, केला, गाजर जैसे फल स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। ट्राई करें ये फेस पैक : 1 बड़ा चम्मच मुल्तानी मिट्टी, 2 बड़े चम्मच खीरे का रस, 1 छोटा चम्मच दही मिलाकर पेस्ट बनाएं। चेहरे को पानी से धोकर साफ कर लें फिर ये पैक अप्लाई करं। सूखने के बाद नॉर्मल पानी से धो लें।

# सफेद बालों को काला करेंगे ये घरेलू नुस्खे

आजकल की खराब-लाइफस्टाइल और बालों में केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स लगाने की वजह से उनकी रंगत हल्की होने लगती है। जवानी में ही बाल सफेद हो जाते हैं। इसके बाद शुरु होता है बाल रंगने का झंझट।कई लोग केमकिल युक्त बाजारी रंगों का सहारा लेते हैं तो कई मेहंदी लगाते हैं। लेकिन फिर ये एक रूटीन बन जाती है। बालों को बार- बार रंगन पड़ता है क्योंकि वो कुछ ही दिनों में वापस से सफेद हो जाते हैं। तो क्यों ने फालतू के हेयर कलर पर पैसे उड़ाने के बजाए असरदार घरेलू नुस्खे आजमाएं जाएं। इन घरेलू नुस्खों से आपके बाल जड़ से काले हो जाएंगे।

**हिना, आमलकी और भृंगराज :** आप अपने सफेद बालों तो काला और चमकदार करने के लिए हिना, आमलकी और भृंगराज का इस्तेमाल करें। बालों के स्वास्थ्य के लिए आजकल इनका खूब इस्तेमाल किया जाता है। आप इनका पेस्ट बनाकर बालों पर लगा सकते हैं।

**प्याज का रस :** प्याज का रस बालों को सफेद होने से रोकने और पहले से सफेद बालों को काला करने का सबसे प्रभावशाली उपाय है। ये गंजेपन से भी छुटकारा देता है। प्याज के रस की रिग्रोथ पावर बहुत ज्यादा है और नए बाल उगाने की ताकत रखता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए आफ इसमें सरसों का तेल मिलाएं। इसे बालों में लगाकर कम से कम 15 से 20 मिनट मालिश करें और आधे घंटे बाद पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हफ्ते में कम से कम दो से तीन बार ऐसा करें।

**आंवला रीठा शिकाकाई :** सफेद बालों के लिए ये भी असरदार उपाय है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इसे रात भर लोहे की कढ़ाई में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन सबका पेस्ट बनाकर बालों पर लगाएं।आधे घंटे बाद इस पानी से धो लें। इस उपाय से आपके बाल घने, मजबूत और काले हो जाएंगे।

**नारियल तेल से मसाज :** बालों को जड़ों को मजबूत बनाने, काले बालों को सफेद करने के लिए आपको सिर की मालिश करनी चाहिए। इसके लिए थोड़ा सा नारियल तेल और थोड़ा सा कैस्टर ऑयल लें। इसमें थोड़ी से मेथी दाने डालकर अच्छी तरह पका लें। इसे ठंड होने पर अपने बालों पर लगाएं और अच्छी तरह सिर की मालिश करें। ये बालों को काला, घना और जड़ से मजबूत बनाता है। इसे रात को लगाएं और सुबह माइल्ड शैम्पू से सिर को धो लें। हफ्ते में 2 से 3 बार ऐसा करने से अच्छा रिजल्ट मिल सकता है।

# सपनों की उड़ान अकेले नहीं, परिवार के पंखों से ऊँची होती है

**15 मई - अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस**



- कृति आरके जैन

टूटते रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। 15 मई, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी घोषणा का उद्देश्य भी यही था–परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है। परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, जिसके चलते 1994 से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां परिवार शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण दर्शाती है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग बनाते हैं। परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा–यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है। दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोज़गार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएँ गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं। महामारी के दौरान कई परिवारों ने साथ रहकर संकट झेला–बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, माता-पिता ने घर से काम किया। यह दिखाता है कि एकजुट परिवार कठिन समय में बड़ी शक्ति बनता है। परिवार टूटने से समाज में अपराध, अवसाद और अस्थिरता बढ़ती है, जो विकास को भी प्रभावित करती है।

राष्ट्र की नींव परिवारों पर ही टिकी होती है। सशक्त परिवार जिम्मेदार नागरिक गढ़ते हैं, जो देश के विकास में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से परिवार उपभोक्ता बनकर बाजार को गति देते हैं और मानव संसाधन भी तैयार करते हैं। बच्चों के कल्याण की शुरुआत परिवार से होती है–पोषण, शिक्षा और नैतिक दिशा यहीं मिलती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि परिवार-केंद्रित नीतियाँ सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हैं। भारत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान भी परिवारों की भागीदारी से सफल हुए हैं। स्पष्ट है, स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज बनाते हैं; अन्यथा असमानताएँ बढ़ती जाएँगी।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 14 मई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत/ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, द्वादशी तिथौ गुरु वासरे 11/21/ रेवती नक्षत्रे 22/34/ प्रीति योग 17/54/ तैतिल करणे 11/21/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.22मि.34पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** महापंचक। पंचक समाप्त घं.22 मि.34 पर। प्रदोष व्रत। पंचगौडो का त्रिदिनात्मक वट सावित्री व्रत आरम्भ।

**मेष :** परिवारिक जीवन सूखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**तुला :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृष :** वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**मिथुन :** व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कुंभ :** नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**मीन :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।



# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक

स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर। गाजीपुर - जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अर्न्तविभागीय समन्वयक, की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डा0 संजय कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यो की जानकारी न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मागा गया। भविष्य में सचेट किया गया कि बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहेगे। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देशित किया कि आशा का भुगतान समय से किया जाय, तथा समस्त एम0ओ0वाई0सी0 तहसीलों पर बी0एच0एन0डी0 की बैठक करते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाओ की



उपलब्धता रहे, ओ0पी0डी0 का संचालन तथा नियमित रूप से सी0एच0ओ0 एवं एन0एम0 की उपस्थिति का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षको को हेल्थ वेनलेस सेन्टर की क्रियाशीलता बराबर चेक करते रहने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने जननी सुरक्षा योजनार्न्तगत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजन तथा दवा एवं ड्राप बैक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के निर्देश दिये। बैठक मे जिलाधिकारी ने ओ0 पी0 डी0 एवं आई0 पी0 डी0 की समीक्षा, एफ0 आर0 यू0, आर0 बी0 एस0 के0 कार्यक्रम, दृष्टिहीनता निवारण, एम्बुलेंस सेवाए, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, ई-कवच, आभा आई डी प्रगति, जननी सुरक्षा योजना, जे0एस0वाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन, अन्य बिन्दुओ पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होने कहा कि जो भी शासन की योजनाएँ संचालित है उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो, कोई भी पात्र योजना से वंचित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनिल पाण्डेय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एन0एच0एम), समस्त एम0ओ0वाई0सी0 एंव अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मोहम्मदाबाद कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र विवादित बयानों पर एफआईआर की मांग

**स्वतंत्र भारत मोहम्दाबाद। गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के मुहम्मदाबाद देहात मंडल उपाध्यक्ष विशाल राय ने बुधवार को कोतवाली मोहम्मदाबाद में दो अलग-अलग प्रार्थना पत्र देकर विवादित बयानों को लेकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

पहले प्रार्थना पत्र में विशाल राय ने तमिलनाडु के नेता उदयनिधि स्टालिन पर सनातन धर्म के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बयान से सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा समाज में तनाव और वैमनस्य फैलने की आशंका है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरे प्रार्थना पत्र में विशाल राय



ने महोबा सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी से आम जनता की भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना उत्पन्न हो सकती है।

विशाल राय ने दोनों मामलों में मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र प्रताप से निष्पक्ष जांच कर विधि अनुसार एफआईआर दर्ज करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मोहम्मदाबाद देहात मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, मनीष जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्यारे मोहन यादव, पूर्णेन्दु राय, सुरेश चंद्र गिरी, विनोद यादव, नंदलाल राम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### सीबीएसई 12वीं में एस एस देव पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम

**स्वतंत्र भारत जमानिया। जमानियां (गाजीपुर)।** एस एस देव पब्लिक स्कूल हेतिमपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसमें विद्यालय के छात्र दुर्गेश कुमार मौर्या (बायोलॉजी वर्ग) ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं रिजा फातिमा (कॉमर्स वर्ग) ने 91 प्रतिशत और अदिति चौबे (मैथ्स वर्ग) ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा रेशम गुप्ता (कॉमर्स वर्ग) ने 86.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी व्याप्त है। विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चंद्र कुशवाहा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

### मारुति सुजुकी का कैंपस साक्षात्कार, 120 अभ्यर्थियों का चयन।

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सैनिक प्राइवेट आईटीआई ताजोपुर, मऊ में बुधवार को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस भर्ती अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कैंपस साक्षात्कार में कुल 150 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 120 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। कंपनी के अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता एवं तकनीकी दक्षता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई।इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक ब्रिगेडियर डॉ. प्रभुनाथ सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रही है और इस प्रकार के कैंपस इंटरव्यू विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राहुल यादव सहित अध्यापकगण श्रीराम यादव, बलवंत, सतेन्द्र, शिवशंकर एवं सुजीत आदि उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### जमीन विवाद में एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बनकरा बुजुर्ग में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पुराने विवाद में प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली। धारा 116 के तहत लंबित शिव नारायण बनाम रामायण प्रकरण में एसडीएम घोसी अशोक कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विवादित भूमि का जायजा लेते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं तथा राजस्व टीम को निष्पक्ष तरीके से बंटवारा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर जमीन के कब्जे और जोत-चक से जुड़े साक्ष्य भी संकलित किए।एसडीएम ने कहा कि राजस्व विवादों का त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### गर्मी के चलते सब्जी बाजार में मंदी, दुकानदार परेशान

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे के सब्जी बाजारों में इन दिनों विभिन्न प्रकार की सब्जियों की भरमार है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या काफी कम दिखाई दे रही है। बाजार में सब्जियों की अच्छी पैदावार होने के बावजूद बिक्री बेहद धीमी चल रही है, जिससे दुकानदार परेशान हैं।स्थानीय सब्जी विक्रेता एजाज अहमद ने बताया कि इस समय सब्जियों का उत्पादन अधिक है, लेकिन बिक्री नाम मात्र की हो रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के साथ-साथ लग्न का अंतिम दौर होने से भी बाजार में ग्राहकों की संख्या कम हो गई है।वहीं, बाजार में हाइब्रिड सब्जियों की बढ़ती संख्या को लेकर भी लोगों में चिंता देखी जा रही है। मजबूरी में लोग इन सब्जियों को खरीद तो रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को लेकर आशंकाएं बनी हुई हैं।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, सात महिलाओं समेत नौ घायल

**स्वतंत्रभारत मऊ।** घोसी लखनी मुबारकपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें सात महिलाओं सहित कुल नौ लोग घायल हो गए। घटना सोमवार शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार, भूमि कब्जे को लेकर शुरू हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। घायलों का उपचार कराया गया है।इस मामले में घोसी कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कुल 20 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### प्राचीन हनुमान मंदिर से घंटा चोरी

**स्वतंत्रभारत मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के गुलौरी ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से बीती रात चोरों ने मंदिर का पुराना घंटा चोरी कर लिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह तब हुई, जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे और घंटा गायब देखा।घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जुट गए। मंदिर के पुजारी रोहित राम ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर से लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है और चोरी हुआ घंटा काफी पुराना एवं ऐतिहासिक महत्व का था। घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा गया।पुलिस ने जल्द ही चोरी का खुलासा कर घंटा बरामद करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ। यह प्राचीन हनुमान मंदिर मऊ-बलिया सीमा पर लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय मार्ग के किनारे स्थित है।

# जिला विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न, विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने पर हुआ मंथन

**गाजीपुर।** ऊर्जा क्षेत्र में सभी केन्द्रीय योजनाओं, बिजनेस प्लान, जमा योजना व अन्य योजनाओं की समीक्षा एवं क्रियान्वयन के अनुश्रवण हेतु जिला विद्युत समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं संयोजक, जिला विद्युत समिति, गाजीपुर एवं अफजाल अंसारी, माननीय सांसद, जनपद-गाजीपुर की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार राइफल क्लब, गाजीपुर में सम्पन्न की गयी। जनपद गाजीपुर के मा0 विधायक सदर जयकिशुन साहू, मा0 विधायक जमानियाँ के ओमप्रकाश सिंह, मा0 विधायक जखनियाँ वेदी राम, मा0 विधायक जंगीपुर के प्रतिनिधि, सैदपुर विधायक के प्रतिनिध/जनप्रतिनिधिगण एवं विद्युत विभाग के समस्त अधिकारी संयुक्त रुप से प्रतिभाग किये। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता इं. रामसनेही द्वारा सांसद एवं उपस्थित



विधायकगण व जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं सम्मान कर किया गया। इसके उपरांत जनपद गाजीपुर में विद्युत विभाग द्वारा कराए गए कार्यों का विधानसभावार विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी, सांसद, जिला विकास अधिकारी, विधायक सदर गाजीपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जनपद में विद्युत आपूर्ति को और अधिक सुचारु, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति, जर्जर तारों के बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया। बैठक में प्राप्त सुझावों एवं निर्देशों के अनुपालन हेतु अधिशासी अभियंता (परीक्षण) द्वारा जनपद के समस्त अधिशासी अभियंताओं (वितरण) को शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित स्टोर एवं वर्कशाप के अधि0 अभियन्ता को स्पष्टीकरण मागने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधि0 अभियन्ता विद्युत कोई भी जे0ई0 अनुशासनहिनता पायी जाती है तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। मा0 सांसद ने कहा कि चारो खण्डो में 10-10 बडे विद्युत बिल बकायेदारो की सूची मा0 जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जाये।

बैठक में अंत में मा0 सांसद एवं अध्यक्ष द्वारा बैठक के सफल एवं सौहार्दपूर्ण सम्पन्न होने पर सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद सहित अन्य अधिकारीगंण उपस्थिति रहे।

# भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, जारी की एडवाइजरी

**स्वतंत्रभारत मऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद मऊ में भीषण गर्मी एवं लू (हीटवेव) से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है।जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन के मार्गदर्शन में 'हारेगी गर्मी, जीतेगा प्रदेश' अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जा रहा है।अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने लोगों से अधिक से अधिक पानी पीने, ओआरएस, लस्सी, मट्ठा और नींबू पानी जैसे प्राकृतिक पेय पदार्थों के सेवन की अपील की है। साथ ही तरबूज, खरबूजा, खीरा और संतरा जैसे पानी युक्त फलों को आहार में शामिल करने की सलाह दी गई है।प्रशासन ने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने तथा छाता, टोपी और धूप के चश्मे का प्रयोग करने की अपील की है। चाय, कॉफी, शराब एवं अधिक कैफीन युक्त पेय पदार्थों से बचने को भी कहा गया है।कार्यस्थलों पर श्रमिकों के लिए शीतल पेयजल, छायादार शेल्टर एवं नियमित विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों एवं हृदय रोगियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चक्कर, सिरदर्द या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने को कहा गया है।

> 'हारेगी गर्मी, जीतेगा प्रदेश' अभियान के तहत आमजन को किया जा रहा जागरूक

# तेज रफ्तार बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

**स्वतंत्रभारत मऊ।** घोसी-मधुबन मार्ग स्थित करीमुद्दीनपुर में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया जबकि पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार करीमुद्दीनपुर निवासी सुदर्शन कुमार (70 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामभजन मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे घर से निकलकर सड़क पार कर पान खाने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सुदर्शन कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बुजुर्ग को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना मिलते ही घोसी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर फरार युवक की तलाश में जुट गई है।

# शादी में शामिल होने ससुराल आया था मानीकला निवासी, रिश्तेदार को छोड़ने जाते समय हुआ हादसा

**खेतासराय जौनपुर।** क्षेत्र के अब्बोपुर बाजार के करीब खलौतीपुर गांव के मोड़ पर बुधवार की दोपहर चार पहिया वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ऑटो से बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। पीएचसी सोंधी पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मानीकला गांव निवासी शिवसहाय बिन्द (40) पुत्र शिजोर बिन्द के रूप में हुई है। वह मानी खुर्द में रिश्तेदारी में बीती रात हुई शादी में सपरिवार शामिल होने आए थे। बुधवार दोपहर घर जाने के लिए तैयार हुए, तभी एक अन्य रिश्तेदार को अब्बोपुर बाजार छोड़ने निकले, ताकि वह बस से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सके। उधर पत्नी अमलेशा बच्चों के साथ अपने घर मानीकला जाने के लिए तैयार बैठी थी, तभी उनके मौत की खबर घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। मृतक के चार बेटी व एक बेटा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला दर्ज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के चकशाह मारूफपुर गांव निवासी खुरमुल्ली पुत्र स्व. विक्रम ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री प्रतिक्षा के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में थाना मधुबन में तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार मामला अपराध संख्या 140/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। घटना 8 मई 2026 को दोपहर 12:40 बजे की बताई गई है, जबकि मुकदमा 12 मई 2026 को शाम 5:01 बजे दर्ज किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक श्यामले यादव द्वारा की जा रही है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है।

# लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना बैठक में विकास कार्यों पर मंथन

**जौनपुर।** लोक निर्माण विभाग की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज, बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र, शाहगंज विधायक रमेश सिंह, जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में जिले के सड़क, पुल और अन्य निर्माण कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजना के लिए जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने बैठक में जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया कि पूर्व में दिए गए प्रस्तावों के आधार पर शासन स्तर से स्वीकृत कार्यों की जानकारी पुस्तिका के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 331 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनकी कुल लागत 575.67 करोड़ रुपये है। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने जनप्रतिनिधियों से विधानसभा क्षेत्रवार नई कार्ययोजना के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बैठक में राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे क्षेत्रवार जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत संपर्क कर अधिकतम एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव प्राप्त कर कार्ययोजना तैयार करते हुए शासन को भेजें। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा लगभग 450 प्रस्ताव सौंपे गए। साथ ही यह भी तय किया गया कि शेष प्रस्ताव भी एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक के.के. पांडेय, अधीक्षण अभियंता एस.के. सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जर्जर पोल गिरने से संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत, मुआवजे के आश्वासन पर खत्म हुआ जाम

**स्वतंत्रभारत मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के टेसूपार विद्युत सबस्टेशन के पीछे बुधवार को 11 हजार वोल्ट की बंद लाइन उतरवाने के दौरान जर्जर पोल गिर जाने से संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर टेसूपार-अमिला मार्ग जाम कर दिया। करीब एक घंटे बाद विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता के मुआवजे के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।टेसूपार निवासी संदीप यादव (34) पुत्र स्व. सूर्यनाथ यादव विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत थे। बताया गया कि सबस्टेशन के पीछे ताल क्षेत्र में वर्षों पहले खींची गई 11 हजार वोल्ट की लाइन जर्जर होने के कारण लंबे समय से बंद थी। जेई के निर्देश पर लाइन उतरवाने का



कार्य किया जा रहा था।बताया जाता है कि संदीप सबस्टेशन से चौथे पोल पर चढ़कर तार खोल रहे थे। इसी दौरान जर्जर पोल अचानक भरभराकर गिर पड़ा। उसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए। बुधवार सुबह 10:55 बजे ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर टेसूपार-अमिला मार्ग जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता घोसी ने मृतक के परिजनों को साढ़े सात लाख रुपये मुआवजा देने तथा पत्नी व बच्चों को आजीवन पेंशन दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोपहर 11:50 बजे जाम समाप्त हुआ।मृतक अपने पीछे पत्नी निशा, पुत्र दिब्यांशु (11) और पुत्री दिब्यां (8) को छोड़ गए हैं। घटना के बाद पत्नी निशा का रो-रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा का प्रस्तावित धरना शोकसभा में बदला दिवंगत प्रतीक यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**स्वतंत्रभारत मऊ।** महिला जन आक्रोश द्वारा विपक्षी सांसद के विरुद्ध आयोजित प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम मंगलवार को अचानक शोकसभा में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अर्पणा यादव के पति प्रतीक यादव के असामयिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त होते ही पूरे कार्यक्रम का स्वरूप बदल गया।दुखद सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य के नेतृत्व में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम तत्काल निरस्त कर दिया गया। इसके उपरांत उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रतीक यादव का असामयिक निधन अत्यंत दुखद एवं अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।शोकसभा में सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र राय शर्मा, सचिंद्र सिंह, इंद्रदेव राम भारती, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक जायसवाल, जिला मंत्री कृष्णकांत राय, संजय मौर्य, राकेश तिवारी, आकाश मल, सभासद राजीव सैनी, कार्यालय मंत्री सुनील दुबे, नीतिश गोड़, भाजपा नेत्री प्रीतूलता पांडेय, नीलम सर्राफ, नेहा कपूर, आरती गुप्ता, सन्नो गुप्ता, बदामी देवी, अंजू भारती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीजल खर्च में कटौती के लिए नगर निगम करेगा खास उपाय

## महापौर एवं नगर आयुक्त ने विभागाध्यक्ष को दिये कड़े निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डीजल खर्च में कटौती के लिए नगर निगम करेगा खास उपाय महापौर एवं नगर आयुक्त ने आपसी विमर्श के बाद विभागाध्यक्षों को दिए कड़े निर्देश डीजल खर्च में कमी लाने के लिए नगर निगम खास उपाय करेगा। नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के साथ विमर्श के बाद महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने यह निर्देश दिया है। नगर आयुक्त ने बताया कि डीजल खर्च में कटौती के लिए विभागों को जनरेटर का प्रयोग अत्यंत आवश्यक होने पर ही करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि कार्यालय संचालन में जनरेटर का संचालन कम से कम किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकारी वाहन के संचालन में कमी लाने की निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों से अपेक्षा की गई है कि सार्वजनिक वाहन से ही कार्यालय आए। महापौर ने पार्षदों से भी अधिक डीजल खर्च वाले वाहनों की जगह



इलेक्ट्रिक वाहन या दोपहिया का प्रयोग करें। अयोध्या नगर निगम में अधिकारियों के पास चार पहिया वाहन है। उसी गाड़ी से वह कार्यालय आते और जाते हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को वाहन से आने-जाने का अधिकार नहीं है। ऐसे में महापौर एवं नगर आयुक्त क्या करेंगे, यह आने वाला समय बतायेगा। अधिकारियों की संख्या ज्यादा है। गाड़ियां भी खूब हैं। खड़ी करने की जगह नहीं है। अधिकारी लोग लंच करने भी कार से ही जाते हैं। ऐसे में नगर निगम कैसे डीजल बचायेगा यह आने वाला समय बतायेगा।

# अम्बेडकरनगर के डीएम ने लू के प्रकोप के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** अम्बेडकरनगर की जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में लू प्रकोप प्रबन्धन के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद में संभावित हीट वेव की स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों व उनके प्रभावी समाधान, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाईयों व ओआरएस पेयजल तथा चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वह नगर निकाय एवं पंचायत विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था एवं छायादार स्थानों की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि



सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए हीट वेव से जनहानि रोकने एवं आमजन को राहत प्रदान करने हेतु पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय, क्या करें, क्या न करें की एडवाइजरी जारी की।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, पेंशन, मार्ग निर्माण, राजस्व



एवं अन्य जन समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में संयुक्त जांच की आवश्यकता हो, उनमें राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पात्र व्यक्तियों को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ निस्तारण किया जाए तथा पीड़ित व्यक्ति को त्वरित राहत उपलब्ध कराई जाए।

# अनिकेत मिस्टर व शांभवी मिश्रा चुनीं गई मिश फ्रेशर

## कुलपति डा. पी.एस प्रमाणिक ने नवआगंतुक छात्र-छात्राओं को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर एवं पीएचडी में नवआगंतुक छात्र-छात्राओं के सम्मान में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. पी.एस. प्रमाणिक ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान अनिकेत सिंह को मिस्टर फ्रेशर तथा कुमारी शांभवी मिश्रा को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि कृषि अर्थशास्त्र का क्षेत्र देश के विकास की रीढ़ है और यहां के छात्र ही कल के नीति-निर्माता हैं। उन्होंने छात्रों को यह भी प्रेरणा दी कि वे केवल किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि खेत-खलिहान और किसानों



की समस्याओं को समझकर अपने शोध को जमीन से जोड़ें। विभागाध्यक्ष डॉ. आर. आर. कुशवाहा ने प्रेरणा दायक उद्बोधन में कहा कि यह विभाग केवल शिक्षा नहीं, बल्कि एक नई सोच और शोध की दृष्टि प्रदान करता है। उन्होंने नए छात्रों को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. सुप्रिया ने कहा कि शोध का रास्ता कठिन जरूर है, लेकिन जो इस राह पर चलता है वही समाज को नई दिशा देता है। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिल सिंह, डॉ. एस.पी. सिंह सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी की चिंतन बैठक संपन्न



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** शाश्वत तीर्थ अयोध्या में भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि दिगम्बर जैन मंदिर बड़ी मूर्ति रायगंज में भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी की एक चिंतन बैठक गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माता के सानिध्य में सम्पन्न हुई। शतकोत्तर रजत स्थापना वर्ष को अत्यन्त प्रभावशाली प्रभावनापूर्वक सम्पन्न किये जाने के संदर्भ में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह बैठक हुई। प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार मंत्री उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल तीर्थक्षेत्र कमेटी के मंगलाचरण से हुआ। मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन, महामंत्री संतोष पेंढारी, कोषाध्यक्ष अशोक दोशी एवं समस्त आंचलीय अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अंत में विनोद बाकलीवाल ने आभार, मुख्य रूप से संजय जैन पापड़ीवाल, प्रद्युम्न जैन, सुनील जैन सर्राफ, मनोज जैन, राकेश जैन, मनोज कुमार जैन आगरा, सुनयना जैन, मीनू जैन, रमाकांत जैन, वीरेश जैन सेठ, जयकुमार जैन, राजकुमार जैन कोठारी, संजय जैन ठोलिया, अनिल जैन प्रीतविहारदिल्ली, प्रशांत जैन, हेमचंद जैन, संतोष घड़ी, अमरचंद जैन, विनोद जैन बिहारी, संदेश जैन, डॉ. अनुपम जैन, संजीव जैन सराफ, वैसलाशचंद जैन सर्राफ, शुभचंद जैन, कमल जैन पलवल, रितेश जैन, परमेन्द्र जैन, पारस जैन, निधेश जैन आदि उपस्थित रहे।

# गोसाईगंज में सत्संग घाट मार्ग का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** आज नगर पंचायत गोसाईंगंज के वार्ड नंबर 5 व 8 के मध्य स्थित सत्संग घाट मार्ग के आईसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल, ईओ सीमा राय, वार्ड सभासद कालीचरण वर्मा, प्रवीण कुमार, रविंद्र यादव, बजरंग प्रसाद चौरसिया, पूर्व सभासद प्रशांत गुप्ता, प्रतिनिधि आलोक गुप्ता, सनी गोस्वामी, रवि जायसवाल, सहित मोहल्ले के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर तथा नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। लगभग 200 मीटर लंबी इस सड़क का जीर्णोद्धार कार्य करीब 24 वर्षों बाद शुरू हुआ है। पूर्व में इस मार्ग पर तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष तारा देवी जायसवाल के कार्यकाल में इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया था, जो बीते दो दशकों से अधिक समय तक



श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए सुगम आवागमन का प्रमुख मार्ग बना रहा। यह मार्ग नगर को पौराणिक शिव मंदिर से जोड़ता है, जहां वर्ष भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। हाल ही में मलमास के अवसर पर यहां त्रि-वर्षीय रुद्र महायज्ञ एवं राम कथा का भव्य आयोजन भी संपन्न हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हाल ही में अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल के निर्देश पर उक्त मार्ग का डीपीआर तैयार कर स्वीकृति हेतु जिला मजिस्ट्रेट को भेजा गया था। अनुमति मिलने के उपरांत ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से इस कार्य को कराया जा रहा है तथा केंद्रीय वित्त योजना के अंतर्गत इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के शुरू होने पर खुशी जताई और नगर पंचायत का आभार व्यक्त किया। यह सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी।

# भवदीय में बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**स्वतंत्र भारत अयोध्या(सं)।** भवदीय पब्लिक स्कूल अयोध्या में खुशी की लहर है। क्योंकि विद्यालय में कक्षा 12 सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त लगभग दस विद्यार्थियों को 85 प्रतिशत से ऊपर अंक मिला। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का उत्सव मनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का यह सुखद परिणाम है। विद्यालय की निदेशिका डॉ. रेनू वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# कांग्रेस ने नीट परीक्षा लीक होने पर की कड़ी निंदा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने जारी बयान में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के प्रश्न पत्र के लीक होने की कड़ी निंदा करते हुए कहा मोदी सरकार में सत्ता में बैठे लोग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिला अध्यक्ष चेतनारायण ने इसे नौजवानों के साथ सरकार की साजिश बताया और कहा इससे बड़ी विडंबना क्या होगी की जो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का गठन देश के नौजवानों के भविष्य बनाने के लिए किया गया वह पूरी तरह नाकारा साबित हुई और ्भाग्य इस बात का है की इतनी बड़ी घटना के बाद भी सरकार द्वारा अभी तक कमेटी भंग नहीं की गई। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में कोई परीक्षा सुचिता पूर्ण ढंग से पूर्ण नहीं हुई पिछले 10 सालों में लगभग 90 पेपर लीक हुए जिससे नीट परीक्षा में शामिल छात्रों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक कष्ट भी सहना पड़ा ऐसे में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत त्याग पर देना चाहिए।

# रूदौली मे चला अतिक्रमण हटाओ अभियान मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं)।** नगर क्षेत्र में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई नगर पालिका प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया अभियान अधिशासी अधिकारी



प्रेम नाथ वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया इस दौरान सड़क किनारे रखे सामान टीन शेड, ठेले व अन्य अवैध कब्जों को हटवाया गया वहीं नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित पालीथीन के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए कई दुकानों से पालीथीन जब्त की गई तथा संबंधित लोगों पर जुर्माना लगाया गया ईओ प्रेम नाथ वर्मा ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण हटाने का खर्च भी वसूला जाएगा कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और आमजन को सुविधा देने के लिए यह अभियान अब लगातार चलाया जाएगा अभियान के दौरान इंस्पेक्टर क्राइम शत्रुघन सिंह, किला चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह, नयागंज चौकी प्रभारी रवि कुमार शर्मा, एसआई दयाराम भारी तृप्ति गुप्ता सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# फरियादियों की यथा संभव की जायेगी मदद : सुभाष चंद्र वर्मा



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** नवागत खण्ड विकास अधिकारी मवई सुभाष चंद्र वर्मा ने बुधवार को ब्लाक कार्यालय मवई पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया।ज्ञात हो कि मवई बी डी ओ रही भावना यादव का प्रमोशन उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पद पर आगरा हो गया है। सुभाषचंद्र वर्मा ने मवई ब्लाक पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी लोक कल्यणकारी योजनाओं का समग्रता पूर्वक कार्यान्वयन का लक्ष्य है।इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये अधीनस्थ विकास कर्मचारियों के साथ मिलकर सभी योजनाओं का अमली जामा पहनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी है। गांवों में जो विकास कार्यक्र म चल रहे हैं उनका गम्भीरता से पर्यवेक्षण व भौतिक सत्यापन कराकर शीघ्रता पूर्वक सभी कार्य पूर्ण कराये जायेंगें। इस अवसर पर, ए डी ओ समाज कल्याण रवीश मिश्रा,ए डी ओ सहकारिता जय चंद वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी लालजी चौरासिया, ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी आदेश चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी अर्सलान, ग्राम विकास अधिकारी गोविंद सिंह,ग्राम पंचायत अधिकारी कंप्यूटर ऑपरेटर अंजनी यादव, राम सूरत यादव आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रहित में है प्रधानमंत्री का सुझाव : वफ़ाअत हुसैन

**स्वतंत्र भारत (अम्बेडकरनगर)** सामाजिक संस्था अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन ख्वाजा शफाकत हुसैन एडवोकेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के उस वक्तव्य का जोरदार स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने वैश्विक संकट के बीच देशवासियों से सात अपीलें किया है। यह अपील पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और वैश्विक तेल संकट की आशंकाओं के बीच की गई है। प्रधानमंत्री ने अपने महत्वपूर्ण बयान में यथासंभव वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने, खाद्य तेल के उपयोग में कटौती करने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, मेट्रो व सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, एक वर्ष के लिए सोने का क्रय न करने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने, प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाने, विदेशी उत्पादों का आयात व उपयोग कम से कम करने और स्वदेशी अपनाने एवं एक वर्ष के लिए विदेश यात्रा से बचने की बात कही थी। उसी परिप्रेक्ष्य में अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष



ख्वाजा शफाकत हुसैन ने प्रधानमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का संयमित और जरूरत भर उपयोग करें। इसी के साथ उन्होंने बल देकर जनसामान्य से ईंधन बचाने, अनावश्यक यात्रा कम करने, सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने तथा संसाधनों की बर्बादी रोकने का आग्रह किया है।

# प्रतीक यादव के निधन पर सपा में शोक व्याप्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर समाजवादी पार्टी नेताओं मे शोक की लहर। आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने दुख व्यक्त किया इस मौके पर सभी नेताओं ने उनके आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि इस दुख की घड़ी में भगवान उनके परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें एवं उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें। प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट के अनुसार दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, नि. महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामीद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव, संजय सिंह, रियाज अहमद, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल, योगेश श्रीवास्तव मिंटू, शक्ति जायसवाल, युवराज सिंह, विजय यादव, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, विशाल द्विवेदी शाहबाज लकी, अनस खान अंकित जायसवाल, मनीष सिंह, आदि लोग रहे। इस बीच **समाजवादी पार्टी की महिला अध्यक्ष सरोज यादव** ने प्रतीक यादव के असमायिक निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। सपा के प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव ने प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर महासचिव निशात अख्तर, राजकुमारी कोरी, केशवमती कोरी, सुनीता निषाद, रीता निषाद, पूजा वर्मा, पूनम यादव, निशा राही, रीता आदि लोग उपस्थित रहे।

# संतोष निषाद ने कन्हैया बीज भंडार की दुकान का किया उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कन्हैया बीज भंडार प्रोपराइटर जय करन निषाद का प्रतिष्ठान निषाद समाज अध्यक्ष संतोष निषाद ने उद्घाटन किया उपस्थिति में हरी किशन मास्टर साहब, रनर चेयरमैन लालमणि निषाद, मुकेश निषाद, मुन्ना निषाद, हेमंत निषाद, पूर्व सभासद अमरजीत निषाद, युवा मोर्चा अनिल निषाद, इंजीनियर रवि निषाद, युवा नेता सूरज निषाद,

## कहा-यह प्रतिष्ठान किसानों के लिये होगा लाभकारी

संजय निषाद, राजकुमार निषाद आदि सैंकड़ो लोगों ने उपस्थित होकर बधाई एवं शुभ कामनाये दी।

# पुरुषोत्तम मास में शिव की पूजा अत्यंत फलदायी : म. रामनरेश

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सुप्रसिद्ध पीठ वेद मंदिर रामकोट, अयोध्या धाम के पीठाधिपति श्रीमहंत रामनरेश दास महाराज ने बताया कि आगामी 17 मई से पुरुषोत्तम मास की



शुरुआत हो रही है। जो 15 जून तक रहेगा, पुरुषोत्तम मास को अधिक मास मल मास पाप-ताप नाशक या पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं। चातुर्मास में इस मास को अधिक महत्त्वपूर्ण माना गया है । इस मास में प्रातः स्नान, दान, तप, नियमधर्म, पुण्यकर्म, व्रत-उपासना, निःस्वार्थ नाम जप, गुरुमंत्र जप का अधिक माहात्म्य तथा महत्त्व है। अधिक मास मनाने के पीछे गहरा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारण है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति और ब्रह्मांड के साथ तालमेल बिठाना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस महीने का कोई स्वामी नहीं था। तब भगवान विष्णु ने इसे अपनाया। इस मास में भगवान शंकर का अभिषेक पूजन करने का विधान, पार्थिव शिवलिंग का भी बनाने और उसके पूजन-अभिषेक करने का बहुत ज्यादा विधान है। इस महीने में अभिषेक करने के लिए कोई शिव वास देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह पूरा एक महीना भोलेनाथ का ही दिन है। सदाशिव की प्रसन्नता के लिए निष्काम भाव से यजन करना चाहिए इसका अनंत फल है। बुद्धि तीव्र करने के लिए दूध में चीनी मिलाकर अभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने पर शंकर भगवान की कृपा से उसकी बुद्धि श्रेष्ठ हो जाती है। मधु के द्वारा अभिषेक करने पर यक्षमा रोग तपेदिक दूर होता है। सभी प्रकार की सिद्धि प्राप्त करने के लिए सिर्फ रुद्राष्टाध्यायी का पाठ ही तथा स्वाध्याय करने से समस्त कामनाओं के पूर्ति होती है।



# पेट्रोल बचत की मिसाल: डीएम ने छोड़ा काफिला, अब सप्ताह में दो दिन रहेगा 'नो व्हीकल डे'

## पर्यावरण को बढ़ावा देंगे अफसर साइकिल व ईवी के प्रयोग की अपील

-स्वतंत्र भारत-





**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार की मितव्ययिता और ईंधन संरक्षण नीति को जमीन पर उतारते हुए डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को एक नई पहल की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप डीएम बिना एस्कॉर्ट वाहनों के सिर्फ अपनी सरकारी गाड़ी से कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रशासनिक स्तर पर इसे ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा संदेश माना जा रहा है। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि जिले में प्रत्येक सोमवार और शनिवार को 'नो व्हीकल डे' के रूप में लागू किया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को अनावश्यक सरकारी वाहनों के प्रयोग से बचने तथा सार्वजनिक परिवहन, ईवी वाहनों और साइकिल के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से ईंधन की खपत कम करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ी भूमिका निभाई जा सकती है।

डीएम अविनाश सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे पेट्रोल-डीजल आधारित वाहनों पर निर्भरता कम करें और वैकल्पिक साधनों को अपनाएं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की ईंधन बचत संबंधी अपील के बाद यूपी सरकार ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के काफिलों में पेट्रोल वाहनों की संख्या तत्काल प्रभाव से 50 प्रतिशत तक कम करने के निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन की यह पहल आम जनता के लिए भी प्रेरणादायक संदेश मानी जा रही है।

# तूफान के बाद संवेदना की दस्तक, राहत की ओर बढ़ा प्रशासन

## डीएम ने एसडीएम से मांगी सूची

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** बीते मंगलवार को आंधी, बारिश और तेज हवाओं ने शहर और देहात में जीवन की रफ्तार थाम दी। कहीं उखड़े पेड़ों ने रास्ते रोके, कहीं टूटी दीवारों और अंधेरे में डूबे घरों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। मौसम का यह अचानक बदला मिजाज कई परिवारों के लिए संकट बनकर सामने आया। ऐसे समय में प्रशासन ने राहत और संवेदना दोनों के साथ कदम बढ़ाए हैं। डीएम अविनाश सिंह ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों की सूची तत्काल तैयार कर भेजी जाए। प्रशासन उन लोगों की पहचान कर रहा है जिनके मकानों, पशुधन या घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है, ताकि शासन की राहत योजनाओं के अंतर्गत उन्हें समय पर सहायता मिल सके। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा केवल भौतिक क्षति नहीं पहुंचाती, बल्कि कई परिवारों की रोजमर्रा की सुरक्षा और उम्मीदों को भी प्रभावित करती है। इसी दृष्टि से तहसील स्तर पर सर्वे टीमों को गांवों और शहरी इलाकों में भेजा गया है।

उधर, बिजली आपूर्ति बहाल करने, जलभराव हटाने और क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में राहत पहुंचाने का कार्य लगातार जारी है। प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने और आपात स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करने की अपील की है।

# आईपीएल की पिच पर फरीदपुर में सट्टे का संग्राम, प्रॉपर्टी डीलर का बेटा दबोचा



**बरेली/ फरीदपुर।** आईपीएल के चौकों-छक्कों के बीच फरीदपुर में रात के अंधेरे में ऑनलाइन सट्टेबाजी का बड़ा खेल चल रहा था। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने प्रेसवार्ता के दौरान खुलासा करते हुए बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के पास हार-जीत पर लाखों की बाजियां लग रही थीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी तो मौके पर भगदड़ मच गई। तीन सटोरिए अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि एक युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़ा गया आरोपी मोहल्ला कानूनगोयान निवासी 32 वर्षीय ओमेन्द्र निकला, जो प्रॉपर्टी कारोबार और शराब के धंधे से जुड़े परिवार का बेटा बताया जा रहा है। तलाशी में उसके पास से 10 हजार रुपये नकद, आईफोन, नेपाली सिम, छह एटीएम कार्ड, पांच पासबुक, तीन चेकबुक, दो आधार कार्ड और दो फर्जी पैन कार्ड बरामद हुए। बरामदगी देख पुलिस भी हैरान रह गई। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि आईपीएल सट्टे से तेजी से पैसा आने लगा तो वह इस धंधे में उतर गया। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# पेड़ में फंदा लगाकर युवक फांसी पर लटका, मौत

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने गांव से दूर जंगल में एक पेड़ पर गले में रस्सी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक केशव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। बुधवार को गांव सारीपुर निवासी धरिंदर का शव गांव से दूर जंगल में करनाल विजय सिंह के खेत में खड़े शहतूत के पेड़ पर गले में रस्सी का फंदा लटका हुआ ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और तत्काल घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। और फील्ड यूनिट की टीम को मौके पर बुलाया गया। फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर इसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। वहीं पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों से पूछताछ करने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि दो माह पूर्व उसका एक्सीडेंट हो गया था तब से उसकी मानसिक स्थिति खराब चल रही थी इसी के चलते उसके द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है।

# चौपला पुल बंद, शहर की रफ्तार थमी, सुभाषनगर पुलिया पर दिनभर जाम

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** शहर के प्रमुख चौपला पुल पर मरम्मत कार्य शुरू होते ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ा गई। एनएचएआई द्वारा पुल बंद किए जाने के बाद बदायूं रोड से आने-जाने वाला भारी ट्रैफिक सुभाषनगर पुलिया, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ की ओर मोड़ दिया गया, जिससे इन मार्गों पर पहले ही दिन लंबा जाम लग गया। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल वाहन और मरीजों को लेकर चल रही एंबुलेंस तक रेंगती नजर आई।

ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल रूट डायवर्जन लागू करते हुए सुभाषनगर मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दी है। यहां केवल एंबुलेंस, स्कूल वाहन और स्थानीय निवासियों के वाहनों को ही अनुमति दी जा रही है। बाकी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से निकाला जा रहा है। दिल्ली, रामपुर और मुरादाबाद की ओर से बदायूं जाने वाली रोडवेज बसों को चौकी चौराहा, बुखारा मोड़ और रामगंगा तिराहे से होकर भेजा जा रहा है।

करगैना, बीडीए कॉलोनी और सुभाषनगर क्षेत्र के लोगों के लिए मढ़ीनाथ मंदिर, शांति विहार और सुभाषनगर चुंगी होकर वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। एसपी ट्रैफिक अकमल खां ने बताया कि अगले 45 दिनों तक डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी और प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# फिरौती गैंग पर पुलिस का शिकंजा, एक बदमाश एनकाउंटर में गिरफ्तार, सिपाही घायल

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में थाना इज्जतनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में फिरौती के लिए अपहरण कांड में वांछित आरोपी विमल को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मुठभेड़ में कांस्टेबल नीशू तिवारी भी गोली लगने से घायल हो गए। एएसपी/ सीओ हाइवे आशुतोष शिवम के मुताबिक कलापुर पुलिया, पीलीभीत रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में विमल पुत्र विनोद कुमार निवासी रिछौला, थाना नवाबगंज के पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों उमाशंकर, आकाश और हरनेश के साथ 9 मई को फन सिटी के आगे से युवक के अपहरण की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .315 बोर तमंचा, कारतूस, 250 रुपये नकद और बदायूं से चोरी की गई टीवीएस अपाचे बाइक बरामद की है। घायल आरोपी और कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जनगणना ड्यूटी से बचने की होड़, एसडीएम कार्यालय में उमड़े प्रार्थना पत्र

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** जनगणना ड्यूटी लगते ही कर्मचारियों में उससे बचने की कवायद तेज हो गई है। कोई शुगर और हार्ट की बीमारी का हवाला दे रहा है तो कोई पारिवारिक मजबूरियां गिनाकर ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार के कार्यालय में अब तक 628 कर्मचारियों ने ड्यूटी निरस्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र जमा किए हैं। इनमें अधिकांश ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, पारिवारिक जिम्मेदारियां और निजी कारणों को आधार बनाया है।प्रशासन ने जनगणना कार्य के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। सदर क्षेत्र में 1369 प्रगणक और 203 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जबकि नगर निगम समेत विभिन्न विभागों से करीब 12 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन बड़ी संख्या में कर्मचारियों द्वारा राहत मांगने से अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, एसडीएम कार्यालय में रोज कर्मचारियों की भीड़ पहुंच रही है। कई लोग मेडिकल प्रमाण पत्र लेकर आ रहे हैं, जबकि कुछ घरेलू परिस्थितियों का हवाला देकर ड्यूटी से छूट मांग रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि केवल गंभीर और वास्तविक मामलों में ही राहत दी जाएगी।

उधर, जिले में स्वगणना अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। अब तक 66,281 लोग स्वयं पंजीकरण कर चुके हैं और इस मामले में बरेली प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# सेंथल में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन, भक्तिमय माहौल में गूंजे जय श्रीराम के उद्घोष

-स्वतंत्र भारत-



**सेंथल।** नगर पंचायत सेंथल के वाल्मीकि समाज के अत्यंत सम्मानित समाजसेवी महेंद्र वाल्मीकि के निवास पर ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर श्रद्धा,भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस धार्मिक आयोजन में नगर सेंथल एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रभु श्रीराम एवं पवनपुत्र हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम एवं बजरंगबली की जय के उद्घोषों से भक्तिमय हो उठा।पं.श्रवण कुमार शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गयीं व कीर्तन मंडली,भक्तों व परिवारजनों द्वारा सुन्दर कांड का संगीतमय पाठ पढ़ा गया।

कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

उपस्थित श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख, शांति, सद्भावना एवं धर्मभावना निरंतर बनी रहने की कामना करते हुए हनुमान जी से आशीर्वाद मांगा।इस अवसर पर समाजसेवी श्रीजी इंडेन गैस सर्विस,सेंथल के स्वामी राहुल गुप्ता 'दीपू', विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, सेंथल कांवरिया समिति के कपूरी महंत अनुभव शर्मा, जितेंद्र वाल्मीकि, पंकज वाल्मीकि ,पूर्व सभासद पति रामभक्त डॉ.के.पी.भास्कर, आशीष वाल्मीकि, बनवीर वाल्मीकि, सतीश कुमार वाल्मीकि, संजय कुमार वाल्मीकि, अरुण कुमार वाल्मीकि अभिषेक वाल्मीकि सहित अनेक श्रद्धालुगणों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि पवनसुत हनुमान जी की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर सदैव बनी रहे तथा समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रकाश निरंतर फैलता रहे।

# अपरा एकादशी पर हजारों श्रद्धालुओं ने मनौना धाम में किए बाबा श्याम के दर्शन, की पूजा अर्चना

-स्वतंत्र भारत-



**आंवला/मनौना धाम।** अपरा एकादशी के पावन अवसर पर विश्व विख्यात श्री श्याम जी मंदिर मनौना धाम में हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे। अपरा ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी है इसे अचल एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।

मनौना वाले श्याम के दरवार में सुबह 7 बजे से रात्री 9 बजे तक प्रसाद का भोग लगाकर हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक बाबा के दर्शन किए।एकादशी के पावन अवसर पर दर्जनों की संख्या में निशान यात्रा मनौना पहुंचीं, सैकड़ों श्याम भक्त पैदल चलकर व दंडवत लगातार मनौना धाम पहुंचे और अपने आराध्य के दर्शन किए।श्याम भक्त सुबह 7 बजे तथा शाम को 6:30 बजे आरती मे सम्मलित होकर अमृत रूपी श्याम जल के छीटे तथा प्रसाद प्राप्त कर रहे है। मंगलवार रात्रि से ही भक्तों की लाइनें लगना शुरू हो गई थीं, भक्तों ने कई-कई घंटें लाइन मे लगकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

मनौना धाम के महंत परम पूज्य ओमेन्द्र महाराज जी ने बताया कि हिंदू धर्म मे एकादशी व्रत का बड़ा महत्व है प्रत्येक बर्ष चौबीस एकादशी होती हैं उनमें से ज्येष्ठ माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को अपरा एकादशी कहते है अपरा एकादशी नाम ही आपको बताता है कि यह दिन कितना महत्वपूर्ण है अपरा एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ असिमित अपार या अथाह यह एक शक्ति शाली अवधारणा है क्योकि इससे प्राप्त होने वाला पुण्य असीमित होता है यह दिन उन सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अपने नराकात्मक कर्मो को मिटाना चाहते है जो आपके अतीत के गंभीर से गंभीर पापों को भी नष्ट करने मे सक्षम है

श्री श्याम जी मित्र मंडल के तत्वावधान में विशाल संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।परम पूज्य महंत जी महाराज के बड़े भाई/प्रबंधक मनौना धाम आर्येन्द्र सिंह चौहान ने पूजा अर्चना कर संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान मनोज चौहान व अन्य कलाकारों ने बाबा श्याम के भजनों की सुन्दर प्रस्तुति दी।

इस दौरान समस्त सेवादार व चौकी प्रभारी नरेन्द्र सिंह राघव, उपनिरीक्षक सोमपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## जेई संतोष शर्मा का अयोध्या तबादला

### शीशगढ़ में 61 करोड़ के बिजली कार्य, लोगों ने सराहा



**शीशगढ़।** बिजली निगम के जूनियर इंजीनियर (जेई) संतोष कुमार शर्मा का अयोध्या तबादला हो गया है। उन्होंने शीशगढ़ क्षेत्र में अपने कार्यकाल के दौरान 61 करोड़ रुपये के विद्युत विकास कार्य कराए, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार आया है। गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही इन कार्यों को पूरा किया गया। इसमें शीशगढ़ कस्बे में 100 केवीए के 13 ट्रांसफार्मर, एक 250 केवीए का ट्रांसफार्मर और 25 केवीए के 3 ट्रांसफार्मर लगाए गए। इसके अतिरिक्त, 7 ट्रांसफार्मर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थापित किए गए, जिससे ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति की समस्याओं से निजात मिली। जेई संतोष शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में बिजली की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। उनके इस कार्य की स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की है। इन विकास कार्यों से गर्मी के दौरान बिजली कटौती की समस्या कम होने की उम्मीद है। जेई संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि उनके पास शीशगढ़ और शेरगढ़ पावर हाउस का कार्यभार था। डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के बाद उनका तबादला उनके गृह जिले अयोध्या में हो गया है। देर शाम लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर विदाई दी।

## निवडिया ग्राम में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**फतेहगंज पूर्वी।** बुधवार को ग्राम निवडिया में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ।जिसका शुभारंभ गांव के पूर्व प्रधान सुशील गौड़ द्वारा किया गया।टूर्नामेंट के आयोजक नरेंद्र यादव,आकाश गौड,राहुल,अंकित, मोनित द्वारा बताया गया कि पहला मैच गलथुआ व टिसुआ ग्राम के बीच हुआ।जो बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया।टूर्नामेंट में 10 टीमों ने प्रतिभाग किया है।

## एडीएम सिटी दरबार में ठंडी बयार, नया फ्रिज बना चर्चा का आधार



**बरेली।** कलेक्ट्रेट के गलियारों में इन दिनों कोई फाइल नहीं, बल्कि 'ठंडे पानी' की चर्चा ज्यादा गर्म है। वजह बना है एडीएम सिटी सौरभ दुबे के दरबार में नया चमचमाता फ्रिज। जैसे ही फ्रिज ने कोने में जगह संभाली, वैसे ही स्टाफ के सूखे गले में राहत की धार उतरने लगी। चपरासी से लेकर बाबू तक अब गिलास भर-भर पानी पीते दिख रहे हैं, मानो तपती दफ्तरशाही में कोई शीतल क्रांति आ गई हो। सूत्र बताते हैं कि फ्रिज आखिर किस मद से आया, यह अब भी सरकारी रहस्य बना हुआ है। कोई इसे जनहित का जुगाड़÷ बता रहा है तो कोई कार्यालयी कल्याण योजना का हिस्सा। आने-जाने वाले लोग भी ठंडे पानी का स्वाद लेकर मन ही मन दुआएं दे रहे हैं। उधर दफ्तर के गलियारों में कानाफूसी जारी है] फाइलें भले गर्म रहें, लेकिन पानी अब ठंडा मिलेगा। कुछ कर्मचारियों ने मुस्कराकर कहा, साहब का दरबार अब सच में कूल हो गया है। फिलहाल फ्रिज कम, चर्चा ज्यादा ठंडी कर रहा है।

# ब्राह्मण एकता मंच ने राजकुमार भाटी का पुतला दहन किया



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** ब्राह्मण समाज के विरुद्ध समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी पर नगर में ब्राह्मण समाज ने सपा प्रवक्ता का पुतला दहन किया। ब्राह्मण एकता मंच के तत्वावधान में स्थानीय ब्राह्मण समाज ने विरोध जताते हुए पूरे आक्रोश के साथ राजकुमार भाटी का पुतला दहन किया। सुबह 11-30 बजे ब्राह्मण एकता मंच के सदस्य कोतवाली के निकट अर्बन को ऑपरेटिव बैंक पर एकत्रित हुए और राजकुमार भाटी का पुतला लेकर स्टेशन रोड तिराहे पर बने चौक पर पहुंचे और अशोभनीय टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताते हुए राजकुमार भाटी का पुतला दहन किया तथा जल चुके पुतले को चप्पलों से पीटा। ब्राह्मण एकता मंच ने कहा कि जो समाज वेद, ज्ञान और संस्कृति का रक्षक रहा है, जिसने ग्रंथों को अपने कंठ में बसाकर सनातन धर्म की रक्षा की। ऐसे ब्राह्मण समाज को घृणित राजनीति के लिए अपमानित करने की कोशिशें की जा रही हैं जिसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान शुभांकर मिश्रा, शुक्ला, चंदन शुक्ला, आकाश शुक्ला, अमित पाण्डेय, अतुल अग्निहोत्री, अनुज पाण्डेय, अजय भारद्वाज, अनुज शुक्ला, सूरज मिश्रा, स्वतंत्र शर्मा, अम्बर पाण्डेय, प्रवीन पाठक, चंद्रकांत शुक्ला, निमिष, शिव, तेज, सजल आदि दर्जनों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, छात्र-छात्राओं ने गाड़े सफलता के झंडे

-स्वतंत्र भारत-





**जीआरएम नैनीताल रोड ने फिर लहराया परचम**

बरेली। 12वीं कक्षा का आज बोर्ड परिणाम घोषित होते ही जी आर एम में हर एक के चेहरे खिल उठे। पीसीएम ग्रुप की वैभवी वर्मा ने 97.8 प्रतिशत पाकर बरेली के साथ साथ जीआरएम को गौरवान्वित किया। वैभवी को अंग्रेज़ी में 98 , गणित में 98, कंप्यूटर साइंस में 100, फिजिक्स में 97 और केमिस्ट्री में 96 अंक मिले। कॉमर्स ग्रुप की कवलीन कौर गांधी 97.2 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स की वर्तिका सक्सेना 96.6 प्रतिशत, पीसीबी के विराट शर्मा 96.4, पीसीबी के कुशाग्र सक्सेना 96.2 प्रतिशत, कॉमर्स की सिद्धि अग्रवाल 96 प्रतिशत, पीसीएम ग्रुप के आदित्य मित्तल 95.4 और कॉमर्स की अपर्णा अग्रवाल ने 95.2 प्रतिशत पाकर विद्यालय की टॉप लिस्ट स्थान बनाया। वहीं पीसीएम के रचित त्रिवेदी ने 89 प्रतिशत अंक पाकर अपने परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय की वैभवी ने कंप्यूटर साइंस में सैंकड़ा जमाया, तो विराट ने बायोलॉजी में शत प्रतिशत अंक पाए। कुशाग्र ने केमिस्ट्री में शतक जड़ा, तो सिद्धि ने इकोनॉमिक्स और अकाउंटेंसी में शत प्रतिशत अंक पाए। बारहवीं के कुल 194 विद्यार्थियों में 37 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली एवं प्रधानाचार्य रनवीर सिंह रावत ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिष्ठान्न खिलाकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**सीबीएसई 12वीं में किंजा ने लहराया परचम, अंग्रेजी में हासिल किए 97 अंक**



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणामों में शहर की छात्रा किंजा अली ने शानदार प्रदर्शन कर परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। किंजा अली ने कुल 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। खास बात यह रही कि उन्होंने अंग्रेजी विषय में 100 में से 97 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का विशेष परिचय दिया।

किंजा अली ने सेंट मैरीस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। किंजा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। स्कूल प्रबंधन ने भी छात्रा की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

**दिल्ली पब्लिक स्कूल बरेली मे कक्षा 12 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा**

**कक्षा 12 मे नंदिका अरोरा ने 97.4 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया**

बरेली। कक्षा 12 के परिणाम बुधवार को घोषित हुए। इसमें विद्यालय के कक्षा 12 के 174 बच्चों ने परीक्षा में बैठकर शत प्रतिशत परिणाम के भागीदार बने। कक्षा 12 की नंदिका अरोरा ने 97.4 अंक लाकर विद्यालय में स्थान प्राप्त किया । विद्यालय का परिणाम प्रत्येक वर्ष उन्नति की ओर अग्रसर है। विद्यालय में पाँच बच्चों ने मनोविज्ञान विषय में 100-100 अंक लाकर कीर्तिमान रचा । कक्षा 12 में इस वर्ष के टॉप 10 का परिणाम निम्न प्रकार है- नंदिका अरोरा 97.4, हंसिका सिंह 96.8, तजमन सिंह 96, गगनदीप कौर 95.8, अमृता वर्मा 95.6, गार्गी 95.6, नकुल गुप्ता 95.4, सुभाना अहमद 95.4, मरियम सिद्दीकी 94.6, मैत्रेयी पंत 94, गौरी गुप्ता 94, अथर्व भटनागर 93.6, नीलाक्षी बडवाल 93.4, हशमीत कौर 93.4 प्रतिशत अंक पाकर अपने स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन किया।

विद्यालय के बच्चो के परीक्षा परिणाम हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के प्रमुख एवं सुपर हाउस ग्रुप के चेयरमैन मुख्तारूल अमीन एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर फरुल अमीन ने विद्यालय के सभी बच्चों, उनके अभिभावको एवं समस्त शिक्षकों को सफल होने पर बधाई दी। प्रधानाचार्य रितु अरोरा ने बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर वैशाली पाठक एवं सभी शिक्षकों ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मवई कला गेहूं क्रय केंद्र पर रिकार्ड खरीद, 151 किसानों से 6762 कुंतल गेहूं की हुई खरीद

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** राजकीय विपणन केंद्र मवई कला प्रथम, द्वितीय व तृतीय पर इस वर्ष गेहूं खरीद में रिकार्ड प्रगति दर्ज की गई है। अब तक 151 किसानों से कुल 6762 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। वहीं 490 किसानों से संपर्क कर टोकन जारी किए गए हैं और प्रत्येक कार्य दिवस में किसानों से खरीद की जा रही है।



केंद्र प्रभारी शिवम सिंह व सुधीर कुमार यादव ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र मवई कला प्रथम पर 59 किसानों से 2047 क्विंटल 50 किलो, द्वितीय केंद्र पर 49 किसानों से 2322 क्विंटल तथा तृतीय केंद्र पर 53 किसानों से 2392 क्विंटल 50 किलो गेहूं की खरीद की गई है। किसानों की सुविधा के लिए प्रतिदिन टोकन के आधार पर खरीद की जा रही है और किसानों की सूची भी जारी की जा रही है।केंद्र प्रभारी ने बताया कि पिछले वर्ष पूरे सीजन में 14 हजार 158 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक 6762 क्विंटल खरीद हो चुकी है। मई और जून माह अभी शेष हैं, ऐसे में खरीद का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।उन्होंने बताया कि प्रचंड गर्मी, चिलचिलाती धूप तथा शादी-विवाह व मांगलिक कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण किसान अभी पूरी क्षमता से अपना गेहूं क्रय केंद्र तक नहीं ला पा रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा लगातार किसानों से संपर्क कर उन्हें केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।केंद्र प्रभारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे बिचौलियों और व्यापारियों के झांसे में न आएं, बल्कि स्वयं क्रय केंद्र पर पहुंचकर टोकन प्राप्त करें और शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। शासन के निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों से सीधी खरीद की जा रही है।

# प्रतीक यादव के असामयिक निधन पर सपा में शोक की लहर



**स्वतंत्र भारत (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षामंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धरतीपुत्र स्व. मुलायम सिंह यादव जी के सुपुत्र तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मा. अखिलेश यादव जी के छोटे भाई प्रतीक यादव जी के निधन पर पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर शोक सभा संपन्न हुई। इस अवसर पर शोक व्यक्त करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि मात्र 38 वर्ष की अल्पायु में प्रतीक यादव जी का आकस्मिक निधन एक बहुत बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई आने वाले समय में संभव नहीं हो सकती। स्व. प्रतीक यादव जी एक सफल व्यवसायी होने के साथ बहुत ही विनम्र, मधुरभाषी व भावुक हृदय के व्यक्ति थे, उनका यूँ चले जाना केवल पार्टी ही नहीं बल्कि पूरे समाज को सालता रहेगा। उक्त शोक सभा में कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन एड. सुरेंद्र सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, सलीम बादशाह, आकाश यादव, मेवा लाल प्रजापति, जगदीश्वर सिंह, रजत श्रीवास्तव, नागेन्द्र तिवारी, रवि सोनकर, राम मिलन यादव सोनू , रविन्द्र यादव, अभय यादव, अरशद अली, मुलायम यादव, अयूब अली, दीना प्रजापति व अहमद नवाज इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## हलिया ब्लॉक में 30 मई को विशेष लोक अदालत, ग्राम प्रधानों की बैठक 19 मई को

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हलिया ब्लॉक में 30 मई 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया है । इससे पहले 19 मई को हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक बुलाई गई है।सिविल जज ( सी0डि0 )/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर द्वारा खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को पत्र भेजकर अवगत कराया है । जनपद न्यायाधीश मीरजापुर के आदेशानुसार 30 मई को हलिया ब्लॉक में विशेष लोक अदालत लगाई जाएगी। इसमें वन अधिनियम से संबंधित मामले और लघु अपराध से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। विशेष लोक अदालत की तैयारियों के लिए 19 मई को दोपहर 12रू00 बजे हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ जनपद न्यायाधीश के साथ बैठक बुलाई गई है। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त बैठक में समस्त ग्राम प्रधानों की समय से प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएं।

## ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान घायल व्यक्ति की मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम बोलेरो और बाइक की टक्कर हो गई। यह हादसा दुबार कलां चौकी अंतर्गत पतार कलां के पास लालगंज-कलवारी रोड पर हुआ। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान देर रात एक घायल की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल को ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया। मृतक की पहचान लालगंज के मेढ़रा गांव निवासी 65 वर्षीय अवधेश पुत्र बलनाथ के रूप में हुई है। उनके साथ घायल हुए दूसरे व्यक्ति 25 वर्षीय पंकज पुत्र कमलेश भी मेढ़रा गांव के ही निवासी हैं।

## सीबीएसई बोर्ड के आर्यन इंटरनेशनल स्कूल बनारस में दर्श सिंह ने किया स्कूल टॉप, चेयरमैन ने फोन कर दी बधाई

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के धंसीरिया ग्राम पंचायत अंतर्गत नौडिहवा गांव निवासी इंजीनियर अनिल कुमार सिंह के पुत्र दर्श सिंह उर्फलकी ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 492/500 अंक प्राप्त कर 98.4 प्रतिशत के साथ बनारस स्थित आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में टॉप किया है।दर्श सिंह की माता नीलम सिंह अध्यापिका हैं। उनके दादा स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण सिंह एवं स्वर्गीय जवाहर सिंह थे। बचपन से ही उनकी शिक्षा-दीक्षा वाराणसी में हुई है। उनके पिता इंजीनियर अनिल कुमार सिंह राजगढ़ के पटेल नगर, नदीहार में कपड़े की दुकान संचालित करते हैं। परिजनों ने बताया कि दर्श सिंह शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहे हैं। इससे पहले हाईस्कूल में भी उन्होंने अपने स्कूल में 14वां स्थान प्राप्त किया था। इस वर्ष इंटरमीडिएट में स्कूल टॉप कर उन्होंने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



दर्श सिंह ने हाल ही में नीट की परीक्षा भी दी थी। परीक्षा रद्द होने के बाद वह दोबारा तैयारी में जुट गए हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। दादी फूलझारी कांति सिंह सहित विनोद कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, रविंद्र सिंह, कृष्ण कुमार सिंह एवं भाई ईशान सिंह, शाश्वत सिंह, सात्विक सिंह, अयांश सिंह और प्रज्ञान सिंह ने फोन कर शुभकामनाएं दीं।वहीं आर्यन इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन विनीत चोपड़ा ने भी फोन कर दर्श सिंह को स्कूल टॉप करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का ही यह परिणाम है कि दर्श सिंह ने स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

## डॉ. सविता मेमोरियल में आकांक्षा सिंह ने किया टॉप

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। सीबीएसई द्वारा जारी इंटरमीडिएट की परीक्षा में आकांक्षा सिंह ने सर्वाधिक 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया आकांक्षा ने शारीरिक शिक्षा में 98,गणित में 97,रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किया। वही दूसरे स्थान पर 89 प्रतिशत अंक के साथ शिवांगी सिंह व ईशान सिंह संयुक्त रूप से रहे । ईशान ने गणित में 97,अंग्रेजी में 95 अंक प्राप्त किया । तृतीय स्थान पर रूपम सिंह ने 87.6 प्रतिशत अंक के साथ जगह बनायी चौथे स्थान पर चारु सिंह ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही पांचवे स्थान पर निधि सिंह ने 85.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया । विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ वेद प्रकाश ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर खुशी जाहिर की साथ ही इस सफलता का श्रेय छात्रों अभिभावकों व अध्यापकों के त्रिकोणीय सामंजस्य को बताया उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पिता के गुम होने पर पुत्र ने गुमशुदगी दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी सभाजीत पाल ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पिता के गुम होने पर गुमसुदगी दर्ज कराया है पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# अंदरूनी चोट से मदरसा छात्र की मौत परिजनों ने जताई थी हत्या की आशंका



**बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।** बढ़नी क्षेत्र के तुलसियापुर गांव निवासी 12 वर्षीय मदरसा छात्र अनीसुर्रहमान की मौत का मामला अब और गंभीर होता नजर आ रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र की मौत का कारण अंदरूनी चोट बताया गया है, जिससे परिजनों की हत्या की आशंका और मजबूत हो गई है। मृतक अनीसुर्रहमान बढ़नी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 स्थित जामिया अहले सुन्नत इसातुल इस्लाम मदरसे में अपने जुड़वां भाई महमूद के साथ रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार शाम को मदरसे के कुछ शिक्षक छात्र को मृत अवस्था में उसके घर तुलसियापुर लेकर पहुंचे, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार को ढेबरुआ थाने में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर मदरसे में जांच-पड़ताल की और संबंधित लोगों से पूछताछ की। वहीं, थाना प्रभारी ढेबरुआ दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और मदरसे के एक छात्र से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और परिजन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# प्रचंड गर्मी व बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर हुए बच्चे



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में पड़ रही प्रचंड गर्मी और उमस भरे तापमान से बुधवार को जनजीवन पूरी तरह बेहाल रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग पसीने से तरबतर नजर आए। वहीं लगातार हो रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। इसका सबसे अधिक असर विद्यालयों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों पर देखने को मिला।बुधवार को रोस्टिंग के तहत बिजली आपूर्ति बाधित रहने से विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन प्रभावित रहा। कंपोजिट विद्यालय निबावल स्थित जूनियर हाईस्कूल में बिजली न रहने के कारण कमरे के अंदर अत्यधिक गर्मी हो गई। जिससे बच्चों का बैठना मुश्किल हो गया। मजबूरन अध्यापकों ने विद्यालय परिसर में स्थित पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर बच्चों को बैठाकर शिक्षण कार्य कराया। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बिजली न रहने के कारण विद्यालय के कमरों में तापमान काफी बढ़ गया था। उमस भरी गर्मी से बच्चे पसीने से लथपथ हो रहे थे इसलिए उन्हें पेड़ की छांव में बैठाकर पढ़ाना पड़ा। वहीं अध्यापक अवधेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सुबह से बिजली गुल रहने के कारण विद्यालय के अंदर बैठना कठिन हो गया था। विज्ञान विषय की पढ़ाई भी बच्चों को पीपल के पेड़ के नीचे बैठाकर करानी पड़ी। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से विद्यालय में कंप्यूटर सहित तकनीकी शिक्षा संबंधी गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। क्षेत्रीय लोगों ने लगातार हो रही बिजली कटौती पर आक्रोश जताते हुए नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के सेमरा आराजी गांव में बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है मिर्जापुर के रानीबाग कच्ची सड़क निवासी 42 वर्षीय अर्जुन बाइक से अपने साथी गांव निवासी 40 वर्षीय रामचंद्र के साथ बरात में शामिल होकर वापस लौट रहे थे की जैसे ही मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर सेमरा आराजी गांव में पहुँचे की सामने से आ रहे अज्ञात वाहन चालक में बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।


# स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मैं, भोजपाल सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी ग्राम-ढ़खौरा, थाना-मैंगलगंज, जिला-खीरी ने अपने पुत्र रामजी को उसके आपराधिक प्रवृत्ति के होने के चलते व बहू रंगोली को उसका साथ देने के चलते आज दिनांक 04-05-2026 से अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उनके किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।
**सी.आर.- 299/D-50**

### सूचना
मैं आर्मी नंबर - 6495552P रैंक - हवलदार/ए.एस.एच , नाम - शिवनागौड़ा पाटील, पता - गाँव/पोस्ट - बेनाचिनामरडी, तालुका - गोकाक, ज़िला - बिलगावी,राज्य - कर्नाटक पिन - 591344 मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम 'वंदना' गलत दर्ज है, जबकि मेरी बेटी का सही नाम 'वंदना शिवनागौड़ा पाटील' है।
**सी.आर.- 295/D-39**

### सूचना
मैं आर्मी नंबर - 6495552P रैंक - हवलदार/ए.एस.एच, नाम - शिवनागौड़ा पाटील पता - गाँव/पोस्ट - बेनाचिनामरडी, तालुका - गोकाक, ज़िला - बिलगावी,राज्य - कर्नाटक पिन - 591344 मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम 'सुहासिनी एस पाटील' गलत दर्ज है, जबकि मेरी बेटी का सही नाम 'सुहासिनी शिवनागौड़ा पाटील' है।
**सी.आर.- 295/D-41**

### सूचना
मैं आर्मी नंबर - 6495552P रैंक - हवलदार/ए.एस.एच, नाम - शिवनागौड़ा पाटील , पता - गाँव/पोस्ट - बेनाचिनामरडी, तालुका - गोकाक, ज़िला - बिलगावी, राज्य - कर्नाटक पिन - 591344 मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम 'संजना एस पाटील' गलत दर्ज है, जबकि मेरी बेटी का सही नाम 'संजना शिवनागौड़ा पाटील' है।
**सी.आर.- 295/D-41**

### सूचना
मैं सभावा हनुमंतागौड़ा पाटिल आर्मी नंबर - 6495552P की माता रैंक - हवलदार/ए.एस.एच, नाम - शिवनागौड़ा पाटील , पता - गाँव/पोस्ट - बेनाचिनामरडी, तालुका - गोकाक, ज़िला - बिलगावी,राज्य - कर्नाटक पिन - 591344 मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम 'सभावा' गलत दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम 'सभावा हनुमंतागौड़ा पाटील' है।
**सी.आर.- 295/D-42**

### सूचना
मैंने पुत्र दानवीर व उसके परिवार को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। राजपाल पुत्र झब्बू नि. जगतपिपरथना,थाना गढियारंगींन शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 296/D-25**

### सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस व आर.सी. में मेरा नाम बी.सी. दुबे जो कि मेरा शार्ट नेम है लिखा है जबकि मेरा सही नाम ब्रजेश चन्द्र दुबे है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। ब्रजेश चन्द दुबे पुत्र अमर नाथ दुबे, मकान न.- 555का/के.बी.-135 खुशी विहार कालोनी मानक नगर, लखनऊ।
**सी.आर.- 300/L-43**

### सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के स्कूल के दस्तावेज में कार्तिक कश्यप अंकित हो गया है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम कार्तिक है। कार्तिक व कार्तिक कश्यप दोनों नाम मेरे पुत्र के हैं। भविष्य में मेरे पुत्र को कार्तिक नाम से जाना व पहचाना जाये। राहुल कश्यप पुत्र स्व. रामू कश्यप R/o- 339/148, त्रिवेणीगंज नौबस्ता, लखनऊ।
**सी.आर.- 294/L-44**

### सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के स्कूल के दस्तावेज में वैष्नवी कश्यप अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम वैष्नवी है। वैष्नवी व वैष्णवी कश्यप दोनों नाम मेरी पुत्री के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को वैष्नवी नाम से जाना व पहचाना जाये। राहुल कश्यप पुत्र स्व. रामू कश्यप R/o- 339/148, त्रिवेणीगंज नौबस्ता, लखनऊ।
**सी.आर.- 294/L-44**

### सूचना
मेरा पहले नाम NIYAZ AHMAD था। अब मैने अपना नाम बदलकर NIYAZ AHMED NIYA MATULLAH KHAN कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।
NIYAZ AHMED NIYAMATULLAH KHAN पुत्र NIYAMAT ULLAH ग्रा0 पानवापुरवा रामवापुर खुर्द, पो0 अल्लीपुर बुजरूग उतरौला, जिला-बलरामपुर, 271604
**सी.आर.- 297/D-39**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र हर्षप्रीत सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह ÷गुर्री÷ को उसके गलत चाल-चलन के चलते सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई? लेना-देना? नहीं है। यदि कोई व्यक्ति हर्षप्रीत सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह ÷गुर्री÷ के साथ किसी प्रकार का आर्थिक अथवा अन्य लेन-देन करता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्ति की होगी।
**जसवन्त सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी मोहल्ला सुभाषनगर कस्बा व थाना पलियाकलां-खीरी**
**सी.आर.- 298/D**

### आवश्यकता है
**श्री लालाराम महाविद्यालय**
**(सम्बद्ध एम.जे.पी.रू.वि.वि., बरेली)**
श्रीनगर तह. कलान, जनपद शाहजहांपुर।
**पद-प्राचार्य, योग्यता**-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार इच्छुक व्यक्ति कॉलेज में सम्पर्क करें-
**9919870241**
**सी.आर.- 296/D**

अदालती सूचना ता.पेशी 02.07.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 110 वर्ष 2026 सुनील कुमार कुशवाहा पुत्र स्व.सुरेश सिंह कुशवाहा निवासी मोहल्ला रामनगर कस्बा व तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर...प्रार्थी/वादी बनामः-जनसाधारण....विपक्षीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी सुनील कुमार कुशवाहा वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती लज्जावती कुशवाहा पत्नी स्व.सुरेश सिंह कुशवाहा निवासी मोहल्ला रामनगर कस्बा व तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी सुनील कुमार कुशवाहा वादी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 02-07-2026 वास्ते समा अत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 02-07-2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरतं इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 13-05-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 296/D-CN**

### पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है : **ई निविदा संख्या : NER-LJN-2026-136, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- GKP/PRS- (1) सर्कुलेटिंग एरिया का विकास। (2) इन/आउट गेट की मरम्मत। (3) मौजूदा शौचालय की मरम्मत का कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 74,42,487.19, **अग्रिम धन** : रु. 1,48,900.00, **समापन अवधि** : 6 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-136 के लिए ई-निविदा दिनांक 05.06.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-96 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

### अदालती सूचना
**न्यायालय नायब तहसीलदार गोसाईगंज, तहसील मोहनलालगंज, लखनऊ**
**वाद संख्या.T202610460305245 (धारा-34, उ0प्र0 भू-राजस्व अधिनियम)**
**राजेश कुमार चन्दानी बनाम श्रीकृष्ण**
ग्रामः मलूकपुर ढकवा, परगना व तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली तिथि 14.05.2026 निर्धारित है। इस वाद में वादी राजेश कुमार चन्दानी पुत्र श्री शिवन दास, निवासी राम नगर आलमबाग, शहर लखनऊ के न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण, वाजदायरकर्ता कुमार बहादुर कार्की पुत्र स्व0 मन्नीलाल, निवासी 116/83 राना प्रताप नगर, रावतपुर, कानपुर नगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के क्रम में यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।
अतः वादी को सूचित किया जाता है कि वह नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद की कार्यवाही नियमानुसार आगे बढ़ाई जाएगी।
**आदेशानुसार,**
**नायब तहसीलदार,**
**गोसाईगंज, लखनऊ।**
**सी.आर.- 293/L-CN**

**NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)**
Nafed Warehousing Complex, Chatta Mile Chauraha, (6th Mile) Sitapur Road, Bakshi Ka Talab, Lucknow-226201 UP, Email: naflkn@nafed-india.com
International Year of Cooperatives 2025
**Nafed Lucknow is commencing sale of Urad procured under PSS K- 2025, lying across various warehouses in the State of Uttar Pradesh from 18.05.2026 through e-auction platforms empanelled by NAFED.**
**Interested buyers may visit NAFED's website www.nafed-india.com/tenders for the stock locations and other related information.**
**State Head, NAFED U.P.**

### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **03—06—2026** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 30-Dy.CEE-GSU-LKO-26-27 dated: 12.05.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 30-Dy.CEE-GSU-LKO-26-27 |
| 3 | कार्य का नामः जौनपुर जं०, प्रतापगढ़ जं०, रायबरेली जं०, सुल्तानपुर, उन्नाव उतरेटिया, अकबरपुर, फूलपुर, शाहगंज, भदोही व मानकनगर स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अन्तर्गत 29 लिफ्टो तथा माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, व सुल्तानपुर स्टेशनों पर 12 नम्बर एस्केलेटर के लिये पावर सप्लाई की व्यवस्था करना। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रू0 2,23,54,206.56 |
| 5 | धरोहर राशि | रू0 4,47,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 20.05.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 03.06.2026 11:30 बजे |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :— 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1581/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कार्यालय, नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद-कौशाम्बी
पत्र संख्याः 850/न0पा0परि0भ0/2026-27 दिनांक : 13 मई, 2026
**ई-निविदा सूचना**
स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आने वाले किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी को **मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना** मद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, उक्त हेतु ई-निविदा दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 25.05.2026 तक समय 12.00 बजे तक ऑनलाइन http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद भरवारी के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। उक्त निविदा की टेक्निलक बिड दिनांक 26.05.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| लेखा लिपिक | अवर अभियन्ता (सिविल) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| भरवारी-कौशाम्बी | भरवारी-कौशाम्बी | भरवारी-कौशाम्बी | भरवारी-कौशाम्बी |

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

